# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 28 सितंबर 2024





*हरियाणा विधानसभा चुनाव में नकदी, शराब और मादक पदार्थों का इस्तेमाल रोकने के लिए चुनाव आयोग सख्त रूख अपना रहा है। राज्य में विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 16 अगस्त से 25 सितम्बर, 2024 तक प्रदेश में कुल 54.46 करोड़ रुपए की अवैध शराब, मादक पदार्थ, नकद राशि व कीमती वस्तुएं जब्त की गई हैं। इसके अलावा,14 करोड़ रूपए मूल्य की पकड़ी गई विभिन्न वस्तुओ की जाँच भी जारी है।*

## हरियाणा चुनाव के बीच एजेंसियां सख्त

# अब तक 54.46 करोड़ रुपए की नकदी और अवैध शराब जब्त

### मतदाताओं को प्रलोभन से बचाने आयोग पूरी तरह चौकस : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा पुलिस के साथ-साथ अन्य एजेंसियों द्वारा भी लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य में पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग, राज्य वस्तु एवं सेवा कर, रेलवे सुरक्षा बल व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा उक्त कार्रवाई की गई है। अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव-2024 को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित की जा रही है। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचाने के लिए आयोग पूरी तरह सख्त है और राज्य में विभिन्न एजेंसियों द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगद राशि की मूवमेंट पर कड़ी नजर रखी जा रही है।




**12.87 करोड़ की अवैध शराब जब्त**

*पंकज अग्रवाल ने बताया कि 18 करोड़ 82 लाख रुपए से अधिक की नकद राशि पुलिस, आयकर विभाग व राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग व अन्य एजेंसियों द्वारा जब्त की गई। इसी प्रकार, विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 12.87 करोड़ रुपये से अधिक की 388429 लीटर से अधिक अवैध शराब पकड़ी गई है। इसमें, हरियाणा पुलिस द्वारा 9.24 करोड रुपये से अधिक की 274449 लीटर तथा आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा 3.55 करोड़ रुपए से अधिक की 112677 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है। इसके अलावा, राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग, रेलवे सुरक्षा बल व अन्य एजेंसियों द्वारा भी 7 लाख से अधिक राशि की 1303 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है।*

**8.46 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त**

अग्रवाल ने बताया कि एजेंसियों द्वारा कुल 2866 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत 8.46 करोड़ रुपए से अधिक है। इनमें पुलिस द्वारा 7.62 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 59 लाख रुपये तथा रेलवे सुरक्षा बल ने 0.35 लाख रुपए कीमत के मादक पदार्थ पकड़े है। इसके अलावा, अन्य एजेंसियों द्वारा भी 24 लाख रुपये से अधिक के मादक पदार्थ पकडे गये है। अग्रवाल ने बताया कि राज्य पुलिस व अन्य एजेंसियों ने 9.05 करोड रुपए से अधिक मूल्य की 97602 ग्राम कीमती धातुएं (सोना, चांदी इत्यादि) पकड़ी हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य पुलिस व अन्य एजेंसियों ने 5.23 करोड रुपए से अधिक की अन्य वस्तुएं भी पकडी है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व रक्षा मंत्री इशिबा बनेंगे जापान के प्रधानमंत्री



**टोक्यो।** जापान की सत्तारूढ़ पार्टी ने पूर्व रक्षा मंत्री शिगेरु इशिबा को शुक्रवार को अपना नेता चुन लिया जो प्रधानमंत्री के रूप में अगले सप्ताह कार्यभार संभालेंगे। सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी में मतदान के जरिए इशिबा को तकनीकी रूप से पार्टी का नया नेता चुना गया। अगले सप्ताह संसद में प्रस्तावित मतदान में उनका प्रधानमंत्री के रूप में चुना जाना तय है क्योंकि पार्टी का सत्तारूढ़ गठबंधन दोनों सदनों में बहुमत में है।

### केरल में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला



**तिरुवनंतपुरम।** देश में मंकीपॉक्स का एक और केस सामने आया है। केरल लौटे एक व्यक्ति में मंकीपॉक्स का संक्रमण मिला है। संक्रमित व्यक्ति, यूएई से एर्नाकुलम लौटा था। जांच में उसके मंकीपॉक्स संक्रमित होने की पुष्टि के बाद आइसोलेट कर दिया गया है। एक प्राइवेट अस्पताल में पीड़ित को भर्ती कराया गया है।

### रेवाड़ी की चुनावी सभा में गृहमंत्री अमित शाह ने साधा राहुल पर निशाना

# क्या राहुल एमएसपी का पूरा मतलब जानते हैं, रबी और खरीफ फसल की है जानकारी?

*किसानों के हितों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह एमएसपी का पूरा मतलब भी जानते हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीद रही है। शाह ने रेवाड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा।*

एजेंसी ▶▶ रेवाड़ी

शाह ने किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ एनजीओ ने राहुल 'बाबा' से कहा है कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के नाम पर उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने पूछा, ''राहुल बाबा आप एमएसपी का पूरा नाम जानते हैं? क्या आप ये भी जानते हैं कि कौन-सी रबी की फसल है और कौन-सी खरीफ की फसल है?'' शाह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार एमएसपी पर 24 फसलें खरीद रही है। उन्होंने कहा, ''हरियाणा के कांग्रेस नेता बताएं कि कौन सा कांग्रेस शासित राज्य इतनी फसलें खरीद रहा है।'' शाह ने पूछा, ''कर्नाटक और तेलंगाना में एमएसपी पर कितनी फसलें खरीदी जा रही हैं?''

***हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के लिए होना है मतदान***



### 10 साल में खत्म हो गया यहां भ्रष्टाचार

शाह ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा में एक समान विकास किया है और पिछले 10 साल में भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''कांग्रेस की सरकारें कट, कमीशन और भ्रष्टाचार के आधार पर चलती थीं जबकि डीलर, दलाल और दामाद राज करते थे।'' हरियाणा में विधानसभा चुनाव पांच अक्टूबर को होंगे और नतीजे आठ अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। शाह ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान धान की खरीद 1300 रुपये प्रति क्विंटल थी लेकिन अब 2300 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदा जाता है और अगर आप हरियाणा में भाजपा की सरकार चुनते हैं तो हम 3,100 रुपये (प्रति क्विंटल) पर धान खरीदेंगे। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह नरेन्द्र मोदी सरकार है जिसने 'वन रैंक वन पेंशन' की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किया है।

### भाजपा की हालत खराब, मोदी-शाह को बार-बार आना पड़ रहा : चौटाला



**उचाना।** हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा की हालत बेहद खराब है और इसी के चलते बीजेपी के केंद्रीय नेताओं को हरियाणा में बार-बार आने को मजबूर होना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चार रैलियां करनी पड़ रही है और केंद्रीय गृह मंत्री को हरियाणा में डेरा डालना पड़ रहा है। वे शुक्रवार को उचाना हलके के विभिन्न गांवों में चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि इनेलो की रैली में भीड़ उचाना से बाहर से आई थी। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जनता भाजपा को अच्छे से समझ गई है कि भाजपा राज में दिन-दिनों अपराध बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने प्रदेश में भाईचारे को खराब करने की कोशिश की है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा की जनता जागरूक है और भाजपा वोट की चोट से जवाब देगी। उन्होंने कहा कि जनता पूर्व कांग्रेस सरकार में हुए भेदभाव और भ्रष्टाचार को कभी नहीं भूल सकती है।

### हरियाणा : बतौर निर्दलीय लड़ रहे हैं ये विधानसभा चुनाव

# कांग्रेस ने 13 बागियों को किया पार्टी से निष्कासित

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

कांग्रेस की हरियाणा इकाई ने शुक्रवार को पार्टी के 13 नेताओं को 'पार्टी विरोधी गतिविधि' के आरोप में निष्कासित कर दिया, क्योंकि इन नेताओं ने राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा आधिकारिक तौर पर चुने गए उम्मीदवार के खिलाफ बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है। कांग्रेस ने कहा कि पार्टी में अनुशासनहीनता पर अंकुश लगाने के लिए उन्हें तत्काल प्रभाव से छह साल के लिए निष्कासित किया जा रहा है। हरियाणा की कांग्रेस इकाई के प्रमुख उदय भान द्वारा जारी पार्टी आदेश के अनुसार, गुहला अनुसूचित जाति (एससी) सुरक्षित सीट से नरेश धांडे, जींद से प्रदीप गिल, पुंडरी से सज्जन सिंह ढुल और सुनीता बट्टन, नीलोखेड़ी-एससी (सुरक्षित) से राजीव मामूराम गोंदर और दयाल सिंह सिरोही, पानीपत ग्रामीण से विजय जैन, उचाना कलां से दिलबाग सांडिल, दादरी से अजीत फोगाट, भिवानी से अभिजीत सिंह, बवानी खेड़ा-एससी (सुरक्षित) से सतबीर रतेरा, पृथला से नीटू मान और कलायत से अनीता ढुल बड़सीकरी को निष्कासित कर दिया गया है।



### पंजाब भाजपा अध्यक्ष के इस्तीफे की खबरें



**चंडीगढ़।** पंजाब में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ के इस्तीफा देने की खबरें हैं। राज्य में 15 अक्टूबर को पंचायत चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले भाजपा को यह बड़ा झटका लगने की बात कही जा रही है। इस बीच भाजपा की ओर से इसका खंडन किया गया है और ऐसी खबरों को गलत बताया गया है। पंजाब भाजपा के महासचिव अनिल सरीन ने कहा कि उनके इस्तीफा देने की सारी खबरें आधारहीन और गलत हैं। बीते कुछ दिनों में वह व्यस्त रहे हैं और पार्टी के मंचों पर कम दिखे। इसके चलते ऐसी चर्चाएं शुरू कर दी गईं, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। कुछ लोगों का कहना है कि जाखड़ एकदम फ्री होकर राज्य में काम नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा, जाखड़ और केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच खराब रिश्तों की भी चर्चा होती रही है। जाखड़ के भाजपा नेता राणा सोढी से भी बहुत अच्छे रिश्ते नहीं रहे हैं।










हमारी शाखायें:- कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग, बालोद, राजनांदगाव, रायपुर, महासमुंद एवं छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में हैं।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :-
अरुण एग्रीकल्चर
पुलगांव, दुर्ग (छ.ग.)
98271-41412, 95895-60875

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 28 सितंबर 2024


पहली पारी तो क्रिकेटर के नाते थी। दूसरी पारी बिजनेसमैन मीडिया पर्सन की थी और यह मेरी तीसरी पारी है। मेरे लिए जो यह तीसरी पारी है यह बहुत सुकून देती है

# सत्य साईं हॉस्पिटल से जुड़ना मेरी तीसरी पारी, यह पारी बहुत सुकून देती है

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील मनोहर गावस्कर का कहना है, रिटायरमेंट के बाद सत्य साईं हॉस्पिटल के साथ जुड़ने का मौका मिला। यह मेरे लिए ब्लेसिंग है, इसे मैं तीसरी पारी कहता हूं, पहली पारी तो क्रिकेटर के नाते थी। दूसरी पारी बिजनेसमैन मीडिया पर्सन की थी और यह मेरी तीसरी पारी है। मेरे लिए जो यह तीसरी पारी है वह सबसे फुलफिल हैं। छोटे बच्चे, जो दिल के मरीज हैं। ऑपरेशन के बाद जब डॉक्टर्स बाहर आकर परिजनों को ऑपरेशन सक्सेसफुल होने की बात कहते हैं, तो ये देखकर इतनी खुशी मिलती है, वो काफी सुकून देता है। यह कहना है श्री गावस्कर का। श्री रामजन्म भूमि क्षेत्र अयोध्या में चल रहे सत्य साईं संजीवनी शिविर में देशभर से आए श्रद्धालुओं का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। गत दिवस भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और संस्थान के ट्रस्टी सुनील गावस्कर ने सत्य साईं संजीवनी का जायजा लिया। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष सी श्रीनिवास और आईएनएच हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी भी मौजूद रहे...सुनील गावस्कर ने संस्थान और सत्य साईं बाबा को लेकर डा. हिमांशु के साथ अपने अनुभव साझा किए। प्रस्तुत है उसके अंश-

## सुनील गावस्कर से डॉ. हिमांशु द्विवेदी की विशेष बातचीत

■ *सत्य साईं सेवा संस्थान से जुड़ने का क्या अनुभव रहा आपका?*

■ सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहूंगा कि यह बुलावा आता है। मैं पिछले कुछ महीने से चाह रहा था कि रामलीला का दर्शन करने आऊं, पर मौका मिल नहीं रहा था। लेकिन यह बुलावा आया का तो मैंने देखा है उससे मैं पूरी तरह से धन्य हो गया हूं। क्योंकि जो दिल में तमन्ना होती है कि राम लला का दर्शन करे, तो दर्शन करने का आज जो मौका मिला है। मैं कह सकता हूं कि यह मेरे लिए ब्लेसिंग है। मैं भगवान के आशीर्वाद से उत्साहित हूं। सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल जिस तरह की सर्विसेज दे रहे हैं, बहुत बेहतरीन है, इससे मुझे बहुत खुशी हुई कि मैं इस संस्था से जुड़ा हूं। ▶▶| शेष पेज 2 पर



## चंपत राय से बातचीत



*सवाल- श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र में सत्य सेवा साईं संस्थान ने लाखों श्रद्धालुओं की चिकित्सा सेवा के लिए जो प्रयास किए हैं इस संदर्भ में आप क्या सोचते हैं?*

*जवाब- अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का दृश्य कैसा होगा, इस पर हम लोगों ने अप्रैल 2023 से चिंतन शुरू किया था। प्रारंभ में 62 लोग इकट्ठे बैठे थे, 15 दिन में एक बार और धीरे-धीरे संख्या 30 तक हो गई। सब अनुभवी लोग ऐसा सोच रहे थे कि यहां बड़ी भारी समस्या आएगी, जब देश के दूर दराज से लोग दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचेंगे, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के रहने खाने के साथ- साथ इलाज और मेडिकल सुविधाओं की भी परेशानी आएगी। यह हमारे चिंतन का एक विषय बन गया। अयोध्या के सरकारी अस्पताल की बेड क्षमता भी 1200 मरीजों की है। मेडिकल कॉलेज भी यहां से सात किलोमीटर दूर है। हर एक मरीज को मेडिकल कॉलेज नहीं भेजा जा सकता। इसी कड़ी में सत्य साई संजीवनी से संपर्क हुआ और उन्होंने कारसेवक पुरम में अपना चिकित्सा केंद्र स्थापित किया। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी 100 डॉक्टरों की टीम* ▶▶| शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता शेखर चंदेल की ट्रेन से कटकर मौत



**रायपुर।** नैला रेल्वे स्टेशन के पास शुक्रवार को रेलवे ट्रेक पर भाजपा नेता शेखर चंदेल की लाश मिली है। वे पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के छोटे भाई थे। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी के अधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त में एफआईआर दर्ज

**मैसूर।** लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, बेनामी संपत्ति लेनदेन अधिनियम और भूमि कब्जा निवारण अधिनियम के तहत कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सिद्धारमैया को आरोपी नंबर एक, उनकी पत्नी को आरोपी नंबर 2 और उनके साले मल्लिकार्जुन स्वामी को तीसरे नंबर के आरोपी के तौर पर नामित किया गया है।

### रेप के आरोपी अभिनेता सिद्दीकी की तलाश तेज



**तिरुवनंतपुरम।** बलात्कार के एक मामले में आरोपी मलयालम अभिनेता सिद्दीकी का पता लगाने के लिए पुलिस ने उनकी तलाश तेज कर दी है। अभिनेता के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए समाचार पत्रों में लुकआउट नोटिस प्रकाशित किया है। वहीं, केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार के इस मामले में अभिनेता को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है।

### इंद्राणी नहीं जा सकेंगी विदेश अनुमति आदेश खारिज



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने शीना बोरा हत्याकांड की आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की अनुमति देने के विशेष अदालत के आदेश को खारिज कर दिया। विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ दायर केंद्रीय सीबीआई की याचिका को इस आधार पर स्वीकार कर लिया कि इंद्राणी मुखर्जी के खिलाफ एक गंभीर अपराध के लिए मुकदमा जारी है।

# राज्यभर में दफ्तर सूने, कई स्कूलों से शिक्षक गायब, मध्यान्ह भोजन कर लौट गए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## फेडरेशन का दावा- 23 साल का सबसे बड़ा आंदोलन

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर शुक्रवार को राज्य के ज्यादातर सरकारी कार्यालयों, स्कूलों से लेकर कॉलेज विश्वविद्यालय, नगरीय निकायों तक में सरकारी कामकाज पूरी तरह बंद रहा। राज्य के शासकीय सेवक अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलित हैं, उन्होंने कलम बंद, काम बंद आंदोलन किया। फेडरेशन ने अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन का एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार किया है। इसके तहत आज शासकीय सेवक एक दिन ▶▶| शेष पेज 2 पर

■ दफ्तरों में कुर्सियां खाली, मेज रहे सूने



### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की 4 मांगें

केंद्र सरकार के समान 1 जनवरी 2024 से 4% महंगाई भत्ता दिया जाए और जुलाई 2019 से देय महंगाई भत्ते के एरियर्स की राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। घोषणा पत्र के अनुसार शासकीय सेवकों को समयमान वेतनमान प्रदान किया जाए। गृह भाड़ा भत्ता केंद्र सरकार के समान दिया जाए। ▶▶| शेष पेज 2 पर

### दफ्तरों में खाली रही कुर्सियां और मेज

कर्मियों के आंदोलन के वजह से राज्य सरकार के सबसे बड़े संस्थान इंद्रावती भवन में कार्यालय खुलने के समय से ही सन्नाटा बना हुआ था। यहां के सभी कार्यालयों में कर्मचारियों की गैर मौजूदगी के कारण कुर्सियां खाली और मेज सूने पड़े रहे। प्रायः यही स्थिति अन्य शासकीय कार्यालयों में भी बनी रही। सरकारी कामकाज पूरी तरह ▶▶| शेष पेज 2 पर

### प्रदेश में रहा मिला जुला असर — आधे स्कूल खुले आधे में पढ़ाई ठप

*छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल को शिक्षकों का मिला-जुला समर्थन प्राप्त हुआ। शिक्षकों ने नैतिक स्तर पर इसका समर्थन तो किया, लेकिन पूर्ण रूप से वे हड़ताल पर नहीं रहे। कुछ स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं पहुंचे तो कई स्कूलों में आधे-अधूरे शिक्षक पहुंचे। ये स्थिति राजधानी रायपुर से लेकर दूरस्थ क्षेत्रों में भी रही। शिक्षक मोर्चा के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि जिन मांगों को लेकर हड़ताल की जा रही है, उसे लेकर शिक्षकों का समर्थन है, लेकिन उनके द्वारा 2 अक्टूबर को सत्याग्रह का फैसला लिया गया है, इसलिए शिक्षक मोर्चा ने हड़ताल का अनुरोध नहीं किया था। हालांकि कई स्कूल के शिक्षक अपनी इच्छा से हड़ताल पर गए थे। उन्हें भी हमने समर्थन दिया है। प्रदेश में 45000 स्कूल* ▶▶| शेष पेज 2 पर

# पुलिस को चकमा देकर कस्टडी से फरार हुआ आरोपी, 3 आरक्षक सस्पेंड

*सेंट्रल जेल जगदलपुर लाया जा रहा था, इसी दौरान बस से कूदकर हुआ फरार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गांजा तस्करी मामले में गिरफ्तार आरोपी जेल जाने से पहले पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी को बस से लेकर कोंडागांव से जगदलपुर आ रहे तीन आरक्षकों को एसपी ने सस्पेंड कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित आमागुड़ा चौक के करीब शुक्रवार शाम लगभग 6.30 बजे आरोपी बस से कूदकर फरार हो गया, जिसकी रिपोर्ट कोतवाली थाना में दर्ज करकर फरार आरोपी ▶▶| शेष पेज 2 पर

### सप्ताह भर में मामले की जांच के निर्देश

मामले में लापरवाही बरतने पर आरोपी को कोंडागांव से जगदलपुर लेकर आ रहे तीन आरक्षको को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में कोंडागांव एसपी वाय अक्षय कुमार ने धनोरा थाना प्रभारी राजकुमार शोरी को मामले की जांच कर सात दिनों में जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी शिवानंद सिंह ने बताया कि कस्टडी से फरार होने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है।



# जनता की समस्याओं को सुर देने कांग्रेस की 130 किमी लंबी न्याय यात्रा, गिरौदपुरी से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## महंत, सिंहदेव समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल

कांग्रेस की 6 दिवसीय छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का प्रारंभ गिरौदपुरी धाम से पूजा अर्चना के साथ हुआ। यात्रा की शुरुआत के पहले पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने शिवरीनारायण में भगवान श्री राम एवं माता शबरी के मंदिर का दर्शन किया। उसके बाद सोनाखान में शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मस्थली जाकर नमन करने के बाद बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में गुरु गद्दी का दर्शन कर प्रदेश में शांति की बहाली, सभी की सुख, शांति की कामना की। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष 6 दिनों में ▶▶| शेष पेज 2 पर

### यात्रा बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ

श्री बैज ने कहा यह यात्रा राज्य के बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के खिलाफ है। प्रदेश की भाजपा सरकार आम आदमी को सुरक्षा दे पाने में नाकाम साबित हुई है। प्रदेश में महिलाएं, युवतियां सुरक्षित नहीं है। बलात्कार, सामूहिक ▶▶| शेष पेज 2 पर

### ये नेता शामिल

पहले दिन की यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री प्रेम साय सिंह टेकाम, जयसिंह अग्रवाल, कवासी लखमा, पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, प्रभारी महामंत्री मलकीत गैदू, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम टेकाम, विधायकगण कविता प्राण लहरे, रामकुमार यादव, अटल श्रीवास्तव, संदीप साहू, हर्षिता ▶▶| शेष पेज 2 पर

### कांग्रेस ने जो अन्याय किया, उसका हिसाब दे : नितिन

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए में कांग्रेस की न्याय पदयात्रा पर तीखा कटाक्ष करते हुए कांग्रेस शासनकाल के अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार गिनाए और कहा, कांग्रेस ने प्रदेश के साथ जितना अन्याय किया है, उनको उस अन्याय का हिसाब देना चाहिए। छत्तीसगढ़ की जनता से इसलिए माफी मांगनी चाहिए क्योंकि अजा वर्ग के युवा अभ्यर्थियों को नग्न प्रदर्शन करना पड़ा था। छत्तीसगढ़ वह दिन भी ▶▶| शेष पेज 2 पर

## सक्ती के छपोरा का मामला, रायपुर और कोरबा के आरोपियों के खिलाफ दर्ज हो रहा अपराध

# एसबीआई की फर्जी शाखा खोली, आधा दर्जन को दे दी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-सक्ती

सक्ती जिले के छपोरा गांव में भारतीय स्टेट बैंक की फर्जी शाखा खोलकर आधा दर्जन को नौकरी देने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब सप्ताह भर से चल रहे इस नई शाखा की जानकारी बैंक के क्षेत्रीय अधिकारियों तक पहुंची तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए तत्काल इसकी जानकारी ली।

मामले में प्रारंभिक तौर पर रायपुर और कोरबा के तीन लोगों का नाम सामने आ रहा है, जिनके खिलाफ फर्जी शाखा खोलकर एसबीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने का





आरोप बताया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले में पिछले सप्ताह भर से भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा खुलने की जानकारी पुलिस टीम को मिली थी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों को संदेह हुआ तो उन्होंने बैंक अधिकारियों से इसकी तस्दीक की। इस बीच भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय ▶▶| शेष पेज 2 पर

### खाता खुलवाने पहुंचे लोग तो हुई शंका

ग्रामीणों के मुताबिक छपोरा में एसबीआई की नई शाखा खुलने की जानकारी हुई तो वे उत्सुकता के साथ वहां खाता खुलवाने पहुंचे। इस दौरान मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि अभी सर्वर चालू नहीं हुआ है इसलिए खाता नहीं खुलेगा। बैंक के कामकाज संबंधी जानकारी ली तो उस पर भी स्टाफ द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका। इसके अलावा वहां के कामकाज देखकर भी लोगों को शंका हुई, जिस पर उन्होंने स्टेट बैंक के अधिकारियों से इसकी चर्चा की, जिस पर वे यहां जांच करने पहुंचे और यह मामला उजागर हुआ।

### कर रहे अपराध पंजीबद्ध

*छपोरा में एसबीआई की नई शाखा खुलने और उसके फर्जी होने की आशंका बीटग्रुप में जाहिर की गई थी। बैंक अधिकारियों से इस बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने जांच किया तो फर्जी बैंक शाखा खोलने और फर्जी तरीके से नौकरी देने का मामला सामने आ रहा है। तीन लोगों के खिलाफ अपराध कायम कर रहे है। इसके अलावा मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

*-अंकिता शर्मा*
*एसपी सक्ती*






Raipur: Swastik Sales Enterprises: 8770899177 / 8770598006 | R C Motors: 9522272732 / 9522272725 | Raipur Yamaha Auto Care: 9111824000 / 9039324000 | Bhilai: Ishan Autoworld: 8602121212 / 8871212121 | Dhamtari: Shivam Planets: 8889070333 | Rajnandgaon: Padmawati Bike World: 9993876300 / 9174429000. Branch : Durg: Ishan Autoworld : 8602121212 / 8871212121 | Balaoda Bazar : A.K Motors: 8839652169 / 9669195169 | Rajim : Ambilkar Motors : 8120132200 / 9111344150 | Pakhanjur : Ansu Automobiles : 8770899177 | Saraipali : Sweety Automobile : 9179060000 | Kanker: Shivam Global: 8889070444 | Bolangir: Jairam Motors: 6372703005 / 8117911265 | Bargarh: Shivam Motors: 9938120588 / 7978563215 | Sonepur: 9937535378 | Khariar: 9556605754 | Padampur: 9777767175 | Attabira: 8018927369 | Titlagarh: 8249952614.

## चिंतन

# यूएन में कश्मीर पर तुर्किये के बदले रुख भारत की जीत

भारत ने एक बार फिर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाया है। इन दिनों विदेशमंत्री एस जयशंकर राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं। इस दौरान वे संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से मिले। जयशंकर ने पश्चिम एशिया व यूक्रेन संघर्ष का जिक्र किया और 15 सदस्यीय यूएन सुरक्षा परिषद (पांच स्थाई व दस अस्थाई सदस्य) में तत्काल सुधार की जरूरत पर बल दिया। एक दिन पहले ही फ्रांस ने यूएन सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता की दावेदारी का फिर से समर्थन किया है। पांच स्थाई सदस्य में से चार फ्रांस, अमेरिका, रूस व ब्रिटेन ने भारत का समर्थन किया है, भारत की दावेदारी को लेकर चीन का अड़ियल रुख रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की दावेदारी पेश करने वाले ग्रुप-4 में भारत, जापान, जर्मनी व ब्राजील है। चूंकि वैश्विक भूराजनीतिक, सामरिक और व्यापारिक व्यवस्था 1945 से 2024 तक आते आते काफी बदल चुकी है, इसलिए संयुक्त राष्ट्र में भी संरचनात्मक बदलाव जरूरी है, अन्यथा यूएन अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता है। 'ग्लोबल साउथ' समेत विश्व में भारत का प्रभाव कैसे बढ़ रहा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने साल 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद से पहली बार इस साल संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन में कश्मीर का जिक्र नहीं किया। इससे पाकिस्तान व चीन को झटका लगा है। जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष दर्जा 2019 में वापस लिए जाने के बाद एर्दोआन ने हर साल यहां यूएनजीए सत्र में कश्मीर का उल्लेख किया था। तुर्किये के इस बदले रुख को भारत के वैश्विक प्रभाव व तेजी से बदल रहे भूराजनीतिक समीकरण के रूप में देखा जा सकता है। पाकिस्तान को छोड़ कर यूएनजीए के 193 सदस्यों में से किसी ने कश्मीर का ज़िक्र नहीं किया। दरअसल, तुर्किये ब्रिक्स में शामिल होना चाहता है, भारत ब्राजील, चीन, रूस के साथ संस्थापक सदस्य है, बाद में दक्षिण अफ्रीका शामिल हुआ था। तुर्किये अपनी अर्थव्यवस्था के विकास पर ध्यान दे रहा है, वह गंभीर मंदी की चपेट में है, इसलिए वह इससे निकलने के लिए ब्रिक्स में आना चाहता है, पर भारत को नाराज रखकर वह इसमें एंट्री नहीं कर सकता है। कश्मीर के चलते ही भारत व तुर्किये के संबंध खराब रहे हैं। दूसरी वजह भी है, राष्ट्रपति एर्दोआन पॉलिटिकल इस्लाम से दूरी बना रहे हैं, वे अपनी छवि प्रोग्रेसिव लीडर की बनाना चाहते हैं। सऊदी अरब, यूएई और मिस्र पॉलिटिकल इस्लाम का समर्थन नहीं करते हैं। अर्दोआन इन तीनों देशों से संबंध बढ़ा रहे हैं। ऐसे में उन्हें अपना रुख बदलना ही होगा। इसलिए अब एर्दोआन पॉलिटिकल इस्लाम के नज़रिए से क्षेत्रीय समस्याओं को नहीं देख रहे हैं। इसी साल जनवरी में ब्रिक्स में मिस्र, इथीयोपिया, ईरान और यूएई शामिल हुए थे. अगले महीने 22 से 24 अक्टूबर तक रूस में ब्रिक्स की सालाना समिट है और उम्मीद की जा रही है कि सभी सदस्य देश इसमें हिस्सा लेंगे। इस दौरान,तुर्किये भी ब्रिक्स का हिस्सा बनने की कोशिश करेगा। यूएन में कश्मीर पर पाक से अलाप मिलाने वाले तुर्किये के रुख में बदलाव एर्दोआन की मजबूरी के साथ भारत की कूटनीतिक जीत मानी जा सकती है।

## सारा संसार



*पंचमुखी अंजनि मंदिर तमिलनाडु के तिरुवल्लुर में स्थित भगवान हनुमान को समर्पित मंदिर है। इस मंदिर में भगवान हनुमान के पांच मुखों की प्रतिमा स्थापित है। हनुमान जी की पांच मुखों वाली 40 फीट ऊँची प्रतिमा हरे रंग के ग्रेनाइट पत्थरों से बनी हुई है।*

## जयंती

शुभांगी उपाध्याय



# भगत सिंह से प्रेरणा लें युवा

संपदि यस्य न हर्षो विपदि विषादो रणे न भीरुत्वम। तं भुवन त्रयतिलकं जनयति जननी सुतं विरलम।। अर्थात जिसको सुख सम्पत्ति में प्रसन्नता न हो, संकट विपत्ति में दुःख न हो, युद्ध में भय अथवा कायरता न हो, तीनों लोकों में महान ऐसे किसी पुत्र को माता कभी-कभी ही जन्म देती है। भारत माता का ऐसा ही सपूत था सरदार भगत सिंह। 28 सितंबर 1907, पंजाब के जिला लायलपुर, बंगा गांव (वर्तमान पाकिस्तान) में एक राष्ट्रभक्त सिख परिवार में उत्कृष्ट देशभक्त भगत सिंह के रूप में वीर बालक का जन्म हुआ, जिन्होंने न केवल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई अपितु मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर 23 मार्च 1931 को मात्र 23 वर्ष 6 माह की अल्पायु में ही शहीद हो गए। भगत सिंह के इस महान बलिदान ने देश के जन मानस में आजादी की ऐसी तड़प पैदा कर दी, कि देश का हर व्यक्ति आजादी की लड़ाई के लिए स्वेच्छा से आगे आने लगा। 'इंकलाब ज़िंदाबाद'रूपी ऊर्जावान उद्घोष के



जनक ने अपने एक पत्र में क्रांति के प्रति अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट किया था, 'क्रांति का अर्थ अनिवार्य रूप से स्वतंत्र आंदोलन नहीं होता है, विद्रोह को क्रांति नहीं कहा जा सकता यद्यपि यह हो सकता है कि विद्रोह का अंतिम परिणाम क्रांति हो।' यदि सरदार भगत सिंह चाहते तो कभी भी अंग्रेजों के हाथ न आते, परन्तु आजादी के मतवाले ने पूर्व नियोजित योजना के प्रतिकूल, राष्ट्रहित में स्वयं को उत्सर्ग करना ही श्रेयस्कर समझा। उन्होंने अंग्रेजों के अमानुषिक अत्याचार सहे, किन्तु न धन का लोभ, न परिवार का मोह ही उन्हें कभी अपने लक्ष्य से डिगा पाया। आज का युवा वर्ग जो छोटी से छोटी समस्याओं में भी हताश हो जाता है, मनोविकार से घिर जाता, जिसे थोड़े से संघर्ष से डिप्रेशन होने लगता है, उस युवा वर्ग को भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने अपने एक पत्र में लिखा था, "जो नौजवान दुनिया में तरक्की करना चाहते हैं, उन्हें वर्तमान युग में महान और उच्च विचारों का अध्ययन करना चाहिए(भगत सिंह के संपूर्ण दस्तावेज, अराजकतावाद-1)। यह जेल के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना है। यद्यपि अनशन पर गांधीजी की सत्ता स्वीकारी जाती है तथापि भगत सिंह ने भी जेल में निरंतर 63 दिनों तक अनशन किया था। उन्हें असेंबली बम कांड में आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई। जेल में उन्हें बहुत खराब भोजन दिया जाता था। भगत सिंह के अलावा भी अनगिनत देशभक्तों ने अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए प्राणों की आहुति दी। उन पूज्य हूतात्माओं के बलिदान का ही परिणाम है कि हम स्वतंत्र संवैधानिक राष्ट्र में श्वास ले पा रहे हैं, परन्तु आज के आधुनिक दौर में उनके महत्वपूर्ण बलिदानों का मोल समझ पाने में असमर्थ सिद्ध हो रहे हैं। आधुनिक समाज परिवर्तनशील है। परिवर्तन की इस बेला में आज प्राचीन विचारों की महती आवश्यकता है ताकि भारत का पुनरुत्थान हो सके। अंत में इस महान युवा क्रांतिकारी का संदेश आज के युवाओं के नाम, 'किसी ने सच ही कहा है, सुधार वृद्ध नहीं कर सकते। वे तो बहुत ही बुद्धिमान और समझदार होते हैं,वे हमारा उचित मार्गदर्शन कर सकते हैं। सुधार तो होते हैं युवाओं के परिश्रम, साहस, बलिदान और निष्ठा से, जिनको भयभीत होना आता ही नहीं और जो विचार कम और अनुभव अधिक करते हैं।'

((लेखिका कलकत्ता विश्वविद्यालय में शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय

# द्वंद्वात्मक भारत-अमेरिका संबंध

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में तीन दिन की अमेरिका की यात्रा की। संयुक्त राष्ट्र के अधिवेशन को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि युद्धों से तनावपूर्ण दौर में वैश्विक शांति और सुरक्षा की खातिर हम सबको एक हो जाना चाहिए। भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक संबंध के द्वंद्वात्मक पहलू हैं। मोदी की कूटनीतिक यात्रा से केवल दो दिन पूर्व ही अमेरिकन प्रशासन ने भारत विरोधी रुख का परिचय दे दिया। अमेरिका ने स्वयं आतंकवाद का शिकार होने के बावजूद बिन लादेन, अल जवाहिरी जैसे जिहादी सरगनाओं को पाला पोसा और अब वह पन्नू जैसे आतंकियों को शरण देकर वैश्विक आतंकवाद का परिपोषण कर रहा है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा की। इस तीन दिवसीय यात्रा में मोदी ने अमेरिका के विलमिंगटन में क्वॉड शिखर वार्ता में शिरकत की। संयुक्त राष्ट्र के अधिवेशन को संबोधित किया। अमेरिका में रहने वाले प्रवासी भारतीयों के साथ मुलाकात की। संयुक्त राष्ट्र के अधिवेशन को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि युद्धों से तनावपूर्ण दौर में वैश्विक शांति और सुरक्षा की खातिर हम सबको एक हो जाना चाहिए। मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा करार दिया। खतरनाक साइबर चुनौतियों की तरफ भी संयुक्त राष्ट्र का ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने कहा कि हम जो वैश्विक कार्रवाई करते हैं, उसके तहत राष्ट्रीय अखंडता और राष्ट्रीय संप्रभुता अक्षुण्ण बनाए रखी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के लिए वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर एक समर्पण का सिद्धांत है और दुनिया की समृद्धि और शांति के लिए मन, वाणी और कर्म से भारत निरंतर काम करता रहेगा।

भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक संबंध के द्वंद्वात्मक पहलू हैं। ऐतिहासिक तौर पर नजर डालें तो आजादी हासिल होने के वक्त से ही भारत और अमेरिका के मध्य में गहन कूटनीतिक अंतर्विरोधों का सिलसिला चलता रहा है। कश्मीर विवाद पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका की कयादत में पश्चिमी देशों ने कश्मीर में सैन्य दखलअंदाजी का तीन दफा प्रस्ताव पेश किया था। इन प्रस्तावों को तत्कालीन सोवियत यूनियन ने तीन बार वीटो किया था। कोल्ड वॉर का दौर शुरू हो चुका था और भारत ने गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाई, जिसके कारण अमेरिका कदापि भारत के प्रति गहन मित्रता का भाव नहीं रख सका। पंडित नेहरू के समाजवादी रुझान के कारण भारत की बहुत गहरी दोस्ती सोवियत यूनियन के साथ हो गई। अमेरिका सदैव भारत के प्रति सशंकित बना रहा। भारत और पाकिस्तान के मध्य कश्मीर विवाद में उसने सदैव पाकिस्तान का पक्ष लिया। यहां तक कि अमेरिका के नेतृत्व में पाकिस्तान को सेंटो सैन्य संगठन का सदस्य भी बनाया गया। बांग्लादेश युद्ध में अमेरिका ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया और अपने सातवें नेवल फ्लीट को हिंद महासागर में भेजा। भारत को खंडित करने की साजिशों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा। पंजाब के खालिस्तान आतंकवाद से लेकर कश्मीर के जेहादी आतंकवाद तक अमेरिका ने पाकिस्तान का साथ दिया। यहां तक कि कश्मीर के जिहादी आतंकवाद को अमेरिकन कूटनीतिज्ञों ने जंगे आजादी करार दिया। न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर 9/11 को अंजाम दिए गए नृशंस जेहादी आक्रमण ने अमेरिका के कूटनीतिक रुख को एकदम बदल कर रख दिया। 21वीं शताब्दी की शुरुआत में भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक दोस्ती की निर्णायक शुरूआत हुई। 21 सितंबर से प्रारंभ हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक यात्रा से केवल दो दिन पूर्व ही अमेरिकन प्रशासन ने भारत विरोधी रुख का परिचय दे दिया। भारत द्वारा झेले गए खालिस्तानी आतंकवाद के नृशंस दौर को विस्मृत करके 19 सितंबर



को अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों ने खालिस्तानी सरगनाओं से बाकायदा मुलाकात की। खालिस्तानी सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का इल्जाम भारत पर लगाया जा रहा है। अमेरिकन प्रशासन चाहता है कि भारत इस मामले की जांच पड़ताल में उसकी मदद करें। अमेरिकी प्रशासन भारत के इस साजिश में शामिल होने की जांच कर रहा है। गुरपतवंत पन्नू ने अपनी हत्या की साजिश को लेकर न्यूयॉर्क की अदालत में एक याचिका दायर की है। इस याचिका का संज्ञान लेकर हाल में न्यूयॉर्क की अदालत ने भारत के अनेक शीर्ष अधिकारियों को समन भी जारी किया है। इस अदालती समन में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, निखिल गुप्ता, रॉ के पूर्व चीफ सामंत गोयल जैसे अनेक शीर्ष भारतीय अधिकारियों के नाम शामिल हैं। अदालत ने इस मामले में 21 दिनों का वक्त प्रदान किया है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि यह मामला हमारे संज्ञान में लाया गया है और हमने एक्शन भी ले लिया है और एक जांच कमेटी भारत द्वारा बनाई गई है। यक्ष प्रश्न है कि क्या न्यूयॉर्क अदालत के समन के कारण अजीत डोभाल नरेंद्र मोदी के साथ इस दफा अमेरिका की यात्रा पर नहीं गए? कहीं भारत सरकार को अंदेशा तो नहीं था कि डोभाल को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया जाएगा? अमेरिका के खालिस्तानी सरगनाओं को शरण और समर्थन देने से और उसके भारत विरोधी रुख के कारण क्या यह आशंका वास्तविक सिद्ध हो सकती थी? उल्लेखनीय है कि अमेरिका की अदालतों द्वारा इस तरह के समन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और कमलनाथ को भी भेजे गए थे। 2002 के गुजरात दंगों के मामलों में ऐसे अमेरिकी अदालती समन मोदी के नाम पर भी भेजे गए थे। अमेरिकी अदालतों की ये समस्त कारवाइयां वस्तुतः अमेरिकी प्रशासन के भारत विरोधी नजरिए को प्रतिबिंबित करती रही हैं। अमेरिकन हुकूमत इन दिनों भारत के प्रति काफी नाराज है, क्योंकि अमेरिका द्वारा रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों का पालन करने से भारत ने स्पष्ट इनकार कर दिया। अमेरिका के आर्थिक प्रतिबंधों का खुला उल्लंघन करते हुए भारत बड़ी मात्रा में रूस से तेल खरीद रहा है तथा आधुनिकतम हथियार खरीद रहा है। भारत की संतुलित गुटनिरपेक्ष नीतियां कभी भी अमेरिका को रास नहीं आई। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के जानकार यह सवाल करते हैं कि भारत विरोधी इन कार्रवाइयों से आखिर अमेरिका क्या हासिल करना चाहता है। खालिस्तानी आतंकवादी भारत की संप्रभुता और अखंडता के विरुद्ध सक्रिय रूप से साजिश कर रहे हैं। आखिरकार बर्बर खालिस्तानी आतंकवादियों का हौसला अमेरिका क्यों बढ़ा रहा है? अगर व्हाइट हाउस अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं करता तो फिर यह भारत के लिए बहुत बड़ा कूटनीतिक झटका है। वस्तुत अमेरिकी प्रशासन भारत के विरुद्ध सिख आतंकवादियों के कार्ड इस्तेमाल करके कूटनीतिक फायदा उठाना चाहता है। अमेरिका का कूटनीतिक इतिहास रहा है वह अपने तत्काल फायदे के लिए खूंखार जिहादियों को और बर्बर खालिस्तानी आतंकवादियों को भारत के विरुद्ध समर्थन और परिपोषण प्रदान करता रहा है। इतिहास साक्षी है कि भारत ने 13 वर्षों के निरंतर संग्राम के बाद खालिस्तानी आतंकवादियों को पंजाब की धरती से मिटा दिया था। अब ये खालिस्तानी सरगना विदेशी धरती से भारत को खंडित करने के लिए साजिशों में लिप्त रहे हैं। वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध निरंतर उद्घोषणा करने वाले अमेरिका के लिए बड़ा शर्मनाक कारनामा है कि उसके प्रशासन ने स्वयं आतंकवाद का शिकार होने के बावजूद ओसामा बिन लादेन, अल जवाहिरी और अल बगदादी जैसे जिहादी सरगनाओं को पाला पोसा और परवान चढ़ाया और अब वह गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे खालिस्तानी वैश्विक आतंकवादियों को शरण देकर वैश्विक आतंकवाद का परिपोषण कर रहा है।

(लेखक कूटनीति के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सात्विक दानः करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!



संकलित

दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

## बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें



संकलित

प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पर्यटन को और बढ़ावा देने की जरूरत

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन दिवस मनाने की घोषणा सन 1980 में की थी। पहला विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर, सन 1980 को मनाया गया था। इस वर्ष के पर्यटन दिवस का थीम है- पर्यटन और शांति। जहां शांति होती है, वहीं ज्यादातर देश-विदेशों के पर्यटक आते हैं। हिमाचल प्रदेश तो पर्यटन के नजरिये से विश्व भर में मशहूर है। यह देवभूमि भी है। यहां वर्ष भर पर्यटकों को तांता लगा रहता है। शिमला, डलहौजी, कुल्लू-मनाली या फिर हो धर्मशाला-मैकलोडगंज, प्रदेश के पर्यटन के मुख्य केंद्र हैं। ऐसे ही बहुत से क्षेत्र उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, गोवा आदि हैं। देश के बहुत से दूसरे राज्यों में भी देश-विदेश के पर्यटक देश की प्राकृतिक शोभा का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटक स्थलों पर आते रहते हैं। - **प्रदीप पटेल**, अंबिकापुर

## करंट अफेयर

# मेरा 'भारत को बाहर करने' का एजेंडा नहीं रहा : मुइज्जू

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने 'भारत को बाहर करने'' (इंडिया आउट) के किसी भी एजेंडे से इनकार करते हुए कहा कि उनके राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति द्वीपीय देश के लिए एक 'गंभीर समस्या' थी ।संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने बृहस्पतिवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम 'डीन्स लीडरशिप सीरीज' में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। मालदीव के समाचार पोर्टल 'अधाधू डॉट कॉम' ने उनके हवाले से कहा, 'हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे। यह भारत को बाहर करना (इंडिया आउट) नहीं है। मालदीव के लोगों को अपने देश में विदेशी सेना की उपस्थिति से एक गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था।' मुइज्जू ने कहा, 'मालदीव के लोग नहीं चाहते कि एक भी विदेशी सैनिक देश में रहे।' भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पदभार संभाला था। मुइज्जू ने भारत से कहा था कि वह देश द्वारा उपहार में दिए गए तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन कर रहे लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले।



## ऑफ बीट

# वजन प्रबंधन: फाइबर शरीर का प्राकृतिक मार्गदर्शक

फाइबर स्वस्थ वजन प्रबंधन की कुंजी हो सकता है – और जब आप इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थों के रूप में खाते हैं तो प्रकृति इसे कार्ब्स के साथ पूरी तरह से संतुलित अनुपात में रखती है। असंसाधित फल, सब्जियाँ, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे और बीज की बात करें। शोध से पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट को कुल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के प्रकृति–संतुलित अनुपात में पैक किया जाता है। वास्तव में, कुछ प्रकार के फाइबर प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कार्बोहाइड्रेट को पूरी तरह से कैसे अवशोषित करता है और आपकी कोशिकाओं को बताता है कि अवशोषित होने के बाद उन्हें कैसे संसाधित करना है। फाइबर आपकी आंत में शर्करा के अवशोषण को धीमा कर देता है। यह मौलिक जीव विज्ञान को भी व्यवस्थित करता है, जिसमें हाल ही में वेगोवी और ओज़ेम्पिक जैसी ब्लॉकबस्टर वजन घटाने वाली दवाएं काम में आती हैं, लेकिन प्राकृतिक तरीके से। आपका माइक्रोबायोम फाइबर को संकेतों में परिवर्तित करता है जो आंत हार्मोन को उत्तेजित करता है जो इन दवाओं के प्राकृतिक रूप हैं। ये बदले में नियंत्रित करते हैं कि आपका पेट कितनी तेजी से खाली होता है, आपके रक्त शर्करा के स्तर को कितनी मजबूती से नियंत्रित किया जाता है और यहां तक कि आपको कितनी भूख लगती है।



## ट्रेंड

### कार्यबल मजबूत करेगी सरकार



कार्यबल को सशक्त बनाना, नौकरी के नए अवसर पैदा करना! श्रम बल भागीदारी दर में उल्लेखनीय उछाल देखा गया है, जो 2017-18 में 49.8% से बढ़कर 2023-24 में 60.1% हो गया है। मोदी की सरकार हमारे कार्यबल को मजबूत करेगी।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### नौकरियां छीन ली



जम्मू-कश्मीर के एक युवा स्टार्टअप मालिक की आंखों में निराशा भारत के अधिकांश उद्यमियों और छोटे-व्यवसाय मालिकों के संघर्ष को दर्शाती है। 'मोदी जी के एकाधिकार मॉडल' ने नौकरियां छीन ली हैं, एमएसएमई को तबाह कर दिया।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### बेशर्मी की सारी हदें पार



बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी। केजरीवाल जी, जिस गुंडे ने मुझे आपके निवास पर आपकी मौजूदगी में मारा, जब तक वो जेल में था, आपने वकीलों की फौज उसे बचाने के लिए खड़ी की, आज जब वो शर्तिया बेल पर बाहर है, कह रहे हैं कि वो फ़र्ज़ी केस में जेल में डाला गया है।

-स्वाति मालीवाल, डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष

### तेल का बाज़ार सबसे बड़ा



क्या आप जानते हैं कि तेल का बाज़ार दस सबसे बड़ी धातुओं के कुल बाज़ार से भी बड़ा है? दरअसल, यह सोने से 10 गुना बड़ा है। यह आकर्षक चार्ट तेल के निरंतर महत्व को दर्शाता है, भले ही दुनिया ऊर्जा परिवर्तन के दौर में है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शनिवार, 28 सितंबर 2024
आशिवन कृष्ण पक्ष एकादशी
वर्ष : 23, अंक : 73
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 33.4
न्यून. 24.6

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

03
सोनू निगम पर निकाली भड़ास



विचार पेज
द्वंद्वात्मक भारत-अमेरिका संबंध

# एनआरडीए को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने कहा- 500 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए किसानों से फिर करना होगा समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नया रायपुर में 500 एकड़ जमीन के मामले में हाईकोर्ट की डबल बेंच ने किसानों के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि एनआरडीए को किसानों से फिर से समझौता करना होगा, क्योंकि नए कानून के तहत 75% किसानों की सहमति आवश्यक है। अब सरकार और एनआरडीए को इस फैसले के बाद अपनी रणनीति बदलनी होगी और किसानों के साथ बातचीत करनी होगी।

हाईकोर्ट के इस फैसले से पुराने भू अर्जन अधिनियम के तहत शुरू की गई प्रक्रियाओं पर भी नए कानून का प्रभाव पड़ेगा। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि धारा 6 का प्रकाशन एक जनवरी 2014 से पहले किया गया था, तो भू अर्जन अवार्ड एक वर्ष के भीतर करना था जो कि नहीं किया गया। समय सीमा के बाद किया गया भू अर्जन अवार्ड शून्य माना जाएगा। कोर्ट ने कहा है कि एनआरडीए को किसानों से फिर से समझौता करना होगा, क्योंकि नए कानून के तहत 75% किसानों की सहमति आवश्यक है।

खास खबर




- नए कानून के तहत 75% किसानों की सहमति आवश्यक
- 21 मार्च 2013 को अधिग्रहण के लिए जारी की गई थी अधिसूचना

### 96 अन्य याचिकाएं भी

नया रायपुर में जमीन मसले को लेकर किसानों की थोक में शिकायतें रही हैं। यह मामला रीको गांव का है। इसके अलग नया रायपुर क्षेत्र में हजारों एकड़ जमीन अधिग्रहण से जुड़ी 96 अन्य याचिकाएं भी कोर्ट में लंबित हैं।

### यह है पूरा मामला

पूरा मामला भू अर्जन अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं होने को लेकर है। रीको गांव के 127 से अधिक किसानों ने याचिका दायर की थी। दरअसल नया रायपुर के विकास के लिए 21 मार्च 2013 को 128.39 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। इसके तहत रायपुर के आरंग के रिको गांव में रहने वाले कुलदीप, लखेश्वर प्रसाद सहित 127 किसानों की जमीन अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस बीच 1 जनवरी 2014 से जमीन अधिग्रहण के लिए भू अर्जन में पारदर्शिता और उचित मुआवजे का ⏭ शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### त्योहारी मौसम में रेलवे 6,000 विशेष ट्रेन चलाएगा : वैष्णव

**नई दिल्ली।** त्योहारों के मौसम में रेलवे ने दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के मौके पर एक करोड़ से अधिक यात्रियों की सुविधा के लिए 6,000 विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां पत्रकारों को बताया कि त्योहारों के दौरान अत्यधिक भीड़ भाड़ को देखते हुए 12,500 डिब्बे स्वीकृत किए गए हैं।



### भागलपुर में एक और छोटा पुल ढह गया

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र में एक छोटे पुल का एक खंभा ढह गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने कहा, पीरपैंती-बाबूपुर इलाके को बाखरपुर रोड से जोड़ने वाली सड़क पर एक छोटे पुल का एक खंभा शुक्रवार सुबह करीब छह बजे थोड़ा नीचे गिर गया।



### रियासी हमले में घाटी में एनआईए की छापेमारी जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने जून में शिव खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हुए घातक आतंकवादी हमले की जांच के तहत शुक्रवार को राजौरी और रियासी जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने सात स्थानों पर छापे मार हैं। आतंकवादियों द्वारा नौ जून को श्रद्धालुओं की बस पर की गई गोलीबारी में नौ लोगों की मौत हो गई थी।



### 300 करोड़ के गबन का आरोपी साधु वेश में गिरफ्तार

**मथुरा।** महाराष्ट्र पुलिस की एक टीम ने मथुरा जिले के कृष्ण बलराम मंदिर के समीप वृंदावन पुलिस की मदद से बीड जिला निवासी बबन विश्वनाथ शिंदे को गिरफ्तार किया है। शिंदे पर महाराष्ट्र में करीब 300 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। शिंदे पर आरोप है कि उसने महाराष्ट्र के बीड 'जिजाऊ मां साहेब मल्टी स्टेट बैंक' में तीन सौ करोड़ रुपये का गबन किया।



### तेलंगाना मंत्री श्रीनिवास रेड्डी के परिसर पर ईडी का छापा

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले के तहत तेलंगाना के राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी और अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की। हैदराबाद समेत राज्य के पांच परिसरों में छापेमारी की गई। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला श्रीनिवास रेड्डी के बेटे राघव समूह के हर्ष रेड्डी के खिलाफ राजस्व खुफिया निदेशालय की शिकायत से सामने आया।



### ईओडब्ल्यू रायपुर में नया केस दर्ज, आधा दर्जन बनाए गए आरोपी

# झारखंड शराब घोटाले का प्लान छग में बना ठेका प्रथा खत्म कर सिंडीकेट बनाकर लूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

*राज्य में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का शराब घोटाला करने वाले लोगों द्वारा झारखंड में शराब घोटाला करने छत्तीसगढ़ की तर्ज पर सिंडीकेट बनाकर घोटाला को अंजाम दिया गया है। झारखंड में शराब घोटाला करने के आरोप में वहां के तत्कालीन आबकारी सचिव विनय कुमार चौबे तथा अन्य के खिलाफ छत्तीसगढ़ ईओडब्लू ने अपराध दर्ज किया है। छत्तीसगढ़ में अपराध दर्ज करने का कारण घोटाला करने रायपुर में योजना बनाई गई थी।*

झारखंड के विकास सिंह की शिकायत पर ईओडब्लू रायपुर की जांच एजेंसी ने पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, निरंजन दास के साथ अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी तथा सिंडिकेट से जुड़े लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोप है कि सिंडीकेट से जुड़े लोगों ने शराब की कीमत बढ़ाकर करोड़ों रुपए के घोटाले को अंजाम दिया है। शराब घोटाला करने शराब घोटाले का किंगपीन अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा तथा अन्य ने झारखंड में शराब का ठेका प्रथा समाप्त करने विधानसभा में संकल्प पास कराया। इसके बाद शराब बेचने छत्तीसगढ़ की व्यवस्था झारखंड में लागू कराई।

### एपी त्रिपाठी झारखंड का भी कंसलटेंट नियुक्त

राज्य के तत्कालीन सीएसएमसीएल के एमडी अरुणपति त्रिपाठी को झारखंड में शराब पॉलिसी बनाने कंसलटेंट के रूप में अनुबंधित किया गया। योजना के मुताबिक अरुणप्रति त्रिपाठी ने छत्तीसगढ़ में लागू देशी विदेशी मदिरा विक्रय नीति का प्रारूप तैयार कर झारखंड शासन को प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर झारखंड में नई आबकारी नियमावली, झारखंड उत्पाद (झारखंड राज्य ब्रेवरेजेस कार्पोरेशन ⏭ शेष पेज 2 पर

हरिभूमि फॉलोअप

## झारखंड में शराब घोटाला मामले को लेकर झारखंड के तत्कालीन आबकारी सचिव के खिलाफ अपराध दर्ज


झारखंड शराब घोटाले को लेकर पूर्व आईएएस सहित सात के खिलाफ अपराध दर्ज

शराब घोटाला

छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में नकली होलोग्राम

### अफसर को झांसे में लेने रायपुर में मीटिंग

दर्ज एफआईआर के मुताबिक जनवरी 2022 में अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी ने झारखंड के आबकारी सचिव तथा अन्य अफसरों के साथ मिलीभगत कर ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने अपने विश्वास में लिया। इसके लिए झारखंड के आबकारी अधिकारियों की रायपुर में बैठक आयोजित की गई।



शराब घोटाला : झारखंड के कारोबारियों पर अपराध दर्ज

### झारखंड में भी नकली होलोग्राम का खेल

सिंडिकेट ने छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी एफएल-10 लाइसेंस का नियम लागू किया। नियम लागू होने के बाद राज्य में देशी के साथ विदेशी मदिरा आपूर्ति का काम ओम साईं ब्रेवरेजेस, दिशिता वेंचर्स एवं नेक्सजेन कार्पोरेशन के माध्यम से कराया जाने लगा। आरोप है कि सिंडीकेट द्वारा होलोग्राम सप्लाई का काम भी आपराधिक षड़यंत्र के तहत निविदा की शर्तों को हेरफेर करते हुए छत्तीसगढ़ में ⏭ शेष पेज 2 पर

### मैन पावर सप्लाई करने का काम छत्तीसगढ़ की कंपनी को

झारखंड में शराब घोटाला को अंजाम देने वाले सिंडिकेट ने वहां के आबकारी अफसरों के साथ मिलीभगत कर टेंडर शर्तों में परिवर्तन कराया। टेंडर में भाग लेने वाली कंपनी को दो वर्षों की शासकीय संस्थाओं में 4 करोड़ एवं इससे अधिक मूल्य के कार्य का अनुभव होने की अनिवार्यता रखी गयी थी। टेंडर की शर्त के अनुसार तीन वर्षों तक 50 करोड़ के कार्य का टर्नओवर की अनिवार्यता रखी गयी थी। उपरोक्त सभी शर्तें छत्तीसगढ़ में कार्य कर रही एजेंसियों की कार्यक्षमता के अनुरूप था तथा सामान्य रूप से हर कंपनी के लिये टेंडर में भाग लिया जाना संभव नहीं था। इस तरह छत्तीसगढ़ के मैन पावर सप्लाई कंपनी सुमित फैसिलिटीस, ईगल हंटर सालुसंस, ए-टू-जेड इंफ्रा सर्विसेस को निविदा की शर्तों को उनके अनुरूप बनाकर झारखंड में कार्य प्रदान किया गया। इन कंपनियों द्वारा सिद्धार्थ सिंघानिया को मैन पावर सप्लाई का काम दिया गया।

## सीएम काफिले के सामने वाहनों की आपस में टक्कर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के काफिले के दो वाहन आपस में टकरा गए। जिला अस्पताल दुर्ग के पास गाय के सामने आने से घटना हुई। बताया जा रहा है कि गाय को बचाने के चक्कर में वाहन चालक आपस में टकरा गए। इस दौरान सीएम साय का काफिला गुजर रहा था। इस घटना से दहशत की स्थिति बन गई। घटना से सीएम साय के काफिले के दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, काफिला रुका नहीं सीधे प्रथम बटालियन के लिए निकल गया।

- कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे सीएम
- घटना के बाद सड़क पर लगा था जाम, पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे

### गाय को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ

बताया जा रहा है कि गाय को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ है। काफिले में आगे चल रही कारकेड की वाहन ने अचानक से ब्रेक लगाया। जिसकी वजह से पीछे से आ रही दूसरी वाहन टकरा गया। घटना की जानकारी लगने पर तुंरत मौके पर पुलिस विभाग और ट्रैफिक विभाग के अफसर पहुंचे। कुछ देर के लिए घटनास्थल के पास जाम की स्थित निर्मित हो गई थी। कुछ घंटों बाद व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया है। जहां पर हादसा हुआ वहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।

## बिरनपुर खुर्द में चाकूबाजी एक की मौत, तीन घायल ग्रामीणों ने बदमाश को घेरा



फिर सुलगा गृहमंत्री का क्षेत्र, पुलिस के आला अफसर पंहुचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स. लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बिरनपुर खुर्द में चाकूबाजी की वारदात सामने आई है। बताया जाता है कि यहां आदतन अपराधी तथा शराबी युवक ने गांव के चार लोगों को चाकू मारकर घायल कर दिया है। जिसमें से एक ग्रामीण की मौत हो गई, वहीं तीन लोग गंभीर बताए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इस घटना के सामने आने के बाद गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है और ग्रामीण आरोपी की गिरफ्तारी तथा मौके पर कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को बुलाए जाने की मांग कर रहे हैं।

शुक्रवार की देर शाम ग्राम बिरनपुर खुर्द निवासी एक आदतन अपराधी तथा शराबी युवक अशोक साहू पिता भोको साहू (30) ने उसी गांव के निवासी रोहित साहू व दुकलहा साहू पर उस समय धारदार चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर ⏭ शेष पेज 2 पर



### गांव में तनाव की स्थिति, आरोपी व पुलिस को ग्रामीणों ने घेरा

इस घटना के सामने आने के बाद गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामीण आरोपी युवक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस तथा आरोपी को घेर लिया है और कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाए जाने की मांग कर रहे हैं, ताकी वे अपनी बात अधिकारियों के समक्ष रख सकें। जानकारी मिली है कि नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल भी दलबल के साथ मौके के लिए रवाना हो चुके हैं।

*शहरी पट्टे बांटने के लिए आवश्यक कार्यवाही जल्द करें*

## सीएम बोले- एक ही जगह जमे पटवारियों का होगा तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में राजस्व विभाग के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने विभाग के कामकाज के तौर तरीकों में बदलाव का निर्देश देते हुए कहा कि लंबे समय से एक ही जगह पर पर जमे हुए पटवारियों को हटाया जाए और एक ऐसी व्यवस्था तैयार करें, जिसमें नियत समय के बाद पटवारी का अनिवार्य रूप से उस हल्के और तहसील क्षेत्र से स्थानांतरण हो जाए। इस बैठक में ⏭ शेष पेज 2 पर




### सीएम ने सुनाया राजस्व विभाग का अनुभव

इस अवसर पर श्री साय ने राजस्व विभाग से संबंधित अपना अनुभव सुनाया। उन्होंने बताया- मैं साल 1990 में नया-नया विधायक बना, तब साधु की तरह दिखने वाले लंबी कद काठी का एक व्यक्ति मेरे पास आवेदन लेकर आया। वे मेरे जन्म यानी साल 1964 से राजस्व के एक मामले को लेकर राजस्व कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। उन्हें अपने मामले की सारी जानकारियां याद थी और कागज पलटने तक की जरूरत नहीं पड़ती थी। मैं उन्हें अपनी गाड़ी से एसडीएम कार्यालय लेकर गया और मामले का निराकरण कराया।

## मशरूम एकत्रित करने गए दिव्यांग को हाथी ने कुचलकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद/फिंगेश्वर

फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र में इंसान और वन्यजीव संघर्ष की एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। सोरिद खुर्द गांव में जंगली मशरूम तोड़ने गए 44 वर्षीय दिव्यांग व्यक्ति कुमार को हाथी ने पटक-पटककर मार डाला। क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी को लेकर पहले से हाई अलर्ट जारी था, बावजूद इसके यह दर्दनाक हादसा हो गया।

चंदा ग्रुप से खदेड़े गए तीन दंतैल हाथियों का झुंड पिछले सप्ताह धमतरी जिले के रास्ते गरियाबंद के फिंगेश्वर इलाके में पहुंचा था। वन विभाग लगातार ⏭ शेष पेज 2 पर



### हाई अलर्ट जारी था

हाथियों की मौजूदगी के कारण पहले से ही इलाके में हाई अलर्ट जारी था। बावजूद इसके, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हो गई। वन विभाग मृतक के परिजनों को आवश्यक सहायता राशि प्रदान करने की प्रक्रिया में जुट गया है। घटना के बाद हाथियों का झुंड महासमुंद की ओर बढ़ गया है। वन विभाग और पुलिस प्रशासन हाथियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे हुए हैं और क्षेत्रवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

- तरुण तिवारी, फिंगेश्वर रेंजर

### भारत समेत सिर्फ 6 देशों के पास है परमाणु पनडुब्बी, अमेरिका नंबर वन पर

# चीन की परमाणु पनडुब्बी वुहान के शिपयार्ड में डूबी, अमेरिका ने बनाया मजाक

एजेंसी ⏭ बीजिंग

चीन की तकनीक को अपनी परमाणु पनडुब्बी के कारण शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। सैटेलाइट के हवाले से पनडुब्बी डूबने की जानकारी अंतरराष्ट्रीय मीडिया में सामने आई है। डूबने वाली पनडुब्बी झाओ श्रेणी की है जो परमाणु ऊर्जा से चलती थी। वुहान शिपयार्ड में पनडुब्बी डूबने की घटना इस साल मई या जून में हुई थी। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। उधर, अमेरिका ने परमाणु पनडुब्बी डूबने पर चीन का मजाक बनाया है और इसे शर्मिंदगी बताई। अंतरराष्ट्रीय मीडिया के मुताबिक, सैटेलाइट इमेज में झाउ-श्रेणी सबमरीन लापता है।

### चीन ने अभी तक नहीं की है पुष्टि

अमेरिका के मजाक उड़ाने के बाद भी चीन ने अभी तक इस पर कुछ नहीं कहा है। वाशिंगटन में चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने इस पर कुछ भी बोलने से इंकार किया है। उनके पास इसकी कोई जानकारी नहीं। चीन में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने भी घटना की कोई पुष्टि नहीं की। एक अमेरिकी अखबार ने दावा किया है कि पनडुब्बी को बचा लिया गया है, लेकिन इसके काम शुरू करने में कई महीने लग सकते हैं।



### सबसे ज्यादा परमाणु पनडुब्बी अमेरिका के पास

दुनिया में भारत समेत सिर्फ 6 देशों के पास परमाणु पनडुब्बी है। इसमें सबसे अधिक अमेरिका के पास 68, रूस के पास 29, ब्रिटेन के पास 11, फ्रांस के पास 8 और भारत के पास 1 पनडुब्बी है। पेंटागन की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 तक चीन के पास 6 परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां और 6 परमाणु ऊर्जा वाली पनडुब्बियां थीं। इसके अलावा चीन के पास डीजल से चलने वाली भी हमलावर पनडुब्बियां भी हैं।

### अमेरिका बोला- बीजिंग के लिए शर्मिंदगी की बात

अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने मीडिया में अपना नाम न छापने की शर्त पर मीडिया को बताया कि चीन की नई परमाणु मई या जून में डूब गई है। उन्होंने कहा कि यह बीजिंग के लिए शर्मिंदगी की बात है क्योंकि वह अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रहा है और दूसरी तरफ उनके उपकरणों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि डूबने का कारण सामने नहीं आया है और चीन इसे छिपाने की कोशिश करेगा।

## जैकेट के शेष

### सुनील गावस्कर से ....

**सवाल- सुनील गावस्कर और सत्य साईं का क्या कनेक्शन है, खेल से जुड़े सुनील गावस्कर का धर्म से से मेल कैसे हुआ?**

**जवाब-** यह मेल कैसे हुआ, यह तो सिर्फ भगवान ही जानते हैं। जैसे मैंने अभी-अभी बताया कि जो बुलावा होता है, यहां पर आने के लिए दर्शन करने के लिए अचानक कोई नहीं आ सकता और अचानक आएंगे तो आपको दर्शन भी नहीं मिलेगा। सत्य साईं बाबा का आशीर्वाद हमारे सिर पर है, पहले दिन से है। हमारे परिवार में सभी सत्य साईं की पूजा करते हैं।

**सवाल - आपकी सत्य साईं बाबा को लेकर आस्था है, आपके जीवन में कुछ अनुभूति हुई है, उन अनुभूतियों को आप साझा करेंगे?**

**जवाब-** 1978 में जब पहली बार मैं चेन्नई में उनसे मिला तो दूर से ही देख पाया था, गुडप्पा विश्वनाथ भी साथ थे, वेस्टइंडीज के कप्तान एल्विन कालीचरण भी साथ गए थे पहली बार देखा तो लगा कि वे हवा में चलकर आ रहे हैं यहीं से उनसे लगाव बन गया...जब हम लौटते समय एक ही गाड़ी से जा रहे थे तभी विश्वनाथ ने कहा कि कल का मैच हम जीतेंगे। इसके बाद हमने देखा कि विश्वनाथ ने जो पारी खेली जिस तरह की बालिंग हुई और भारत ने जीत हासिल की।

**सवाल - जब आप पहली बार मिले थे तो आपको लगा था कि यह शख्स मेरे जीवन में इतना महत्वपूर्ण हो जाएगा और इसकी कृपा मुझ पर इस तरह से बरसती रहेगी ?**

**जवाब-** जैसे-जैसे समय बढ़ते गया मुझे एहसास होते गया कि उनका हाथ मेरे सर पर है और मेरी फैमिली पर भी है। उनका आशीर्वाद उनके ब्लेसिंग मेरी फैमिली के साथ है। वह महसूस हुआ रिटायरमेंट के बाद जब सत्य साईं हॉस्पिटल के साथ जुड़ने का मौका मिला। यह मेरे लिए ब्लेसिंग है इसे मैं तीसरी पारी कहता हूं पहली पारी तो क्रिकेटर के नाते थी। दूसरी पारी बिजनेसमैन मीडिया पर्सन की थी और यह मेरी तीसरी पारी है। मेरे लिए जो यह तीसरी पारी है वह सबसे फुलफिल है, इसमें जो छोटे बच्चे हैं जो दिल के मरीज है। ऑपरेशन के बाद जब डॉक्टर्स बाहर आकर परिजनों को ऑपरेशन सक्सेसफुल होने की बात कहते है तो ये देखकर इतनी खुशी मिलती है वो काफी सुकून देती है ।

**सवाल - ऐसा आपको क्या दिखा जिससे आप उन्हें इंसान मानने के लिए तैयार नहीं हुए ?**

**जवाब-** यह कहना कठिन है पर यह दिल और दिल का जोड़ है, और मुझे लगता है कि जिस तरह से उनको देखा। जिस तरह की उन्होंने मेरिक्ल्स किए, मेरी फिटनेस के बारे में ,मेरी इंजुरी के बारे में, जिस तरह से उनकी भभूति ने जो मॉडर्न दवाई या काम नहीं कर पाई वो उनकी भभूति ने किया। मेरे लिए इसीलिए वो भगवान है। मैंने कभी दबाव नहीं डाला कि आप उन्हें भगवान माने ये मेरी अपनी सोच है। मैं बहुत खुश हूं कि मुझे यह मौका मिला अवसर मिला कि सत्य साईं बाबा के कुछ साथ समय बिताने का मौका मिला। साईं संजीवनी के जरिए सेवा का मौका मिला।

**सवाल - क्रिकेट के मैदान में जितना व्यस्त थे, उतने ज्यादा हमने महसूस किया कि क्रिकेट की पारी समाप्त होने के बाद एक कमेंटेटर के तौर पर, एक स्पोर्ट्स ऑर्गनाइजर के तौर पर, इसके बीच में आप कहां समाज सेवा के फेर में पड़ गए ?**

**जवाब-** मैंने जो कहा यह तीसरी पारी है, जिसमें बड़ी फुल फीलिंग है जो आनंद मिलता है। जो पेरेंट्स है उनके चेहरे पर जो आनंद होता है कि जब अस्पताल से सर्जरी के बाद डॉक्टर आकर कहते हैं कि अब बस सर्जरी सक्सेसफुल हुई।

**सवाल - ये अवसर आपको कैसे मिला ?**

**जवाब-** यह अवसर जब से मैंने देखा था कि उन्होंने पहले ही उनका अस्पताल बना था, तब पूरी फ्री सर्विसेज थी वहां पर हार्ट सर्जरी करें, कोई भी सर्जरी करें, कोई भी दवाई बिल्कुल फ्री थी, यह सेवा करने में जो आनंद मिलता है वह कहीं नहीं मिलता।

**सवाल - आप जब रायपुर में आए थे तो सुनील गावस्कर ने सोचा था कि वो संस्थान इतना बड़ा स्वरूप ले लेगा इतने हजारों बच्चों की जिंदगी बचाने का केंद्र रायपुर का इस केंद्र हो जाएगा उसके बाद पूरे देश और दुनिया में सेंटर खुलेगा आपको यकीन था कि चलो एक अस्पताल बन रहा है मेरा भी इसमें थोड़ा सा योगदान हो जाएगा ?**

**जवाब-** मैं जानता हूं कि कि जो सत्य साईं की डायरेक्टर हैं वो एक अस्पताल से संतुष्ट होने वाले नहीं है। क्योंकि वह जानते थे कि यह जो सेवा कर रहे है वहां और भी बड़ा काम होना है। तो बहुत लोगों ने सपोर्ट किया, 100 करने के लिए पहला रन तो लेना पड़ता है और रायपुर का अस्पताल पहला रन था।

### चंपत राय से बातचीत ....

अयोध्या भेजी। इस तरह प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा देने का काम शुरु हुआ। यहां दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाएं संतोषप्रद हैं।

### राज्यभर में दफ्तर ....

के अवकाश पर रहे। स्कूलों की हालत ये रही कि स्कूल तो खुले रहे, पर शिक्षक गायब थे, इसलिए बच्चे मध्यान्ह भोजन कर घर लौट गए। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा का दावा है, उनका आंदोलन व्यापक रूप से सफल रहा है। सरकारी कर्मियों का इतना बड़ा आंदोलन पिछले तीस साल में नहीं हुआ है।

**आंदोलन रहा ऐतिहासिक- कमल वर्मा :** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि आज जो आंदोलन हुआ है वह ऐतिहासिक है। पिछले 23 साल में ऐसा आंदोलन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अब फेडरेशन सरकार के साथ संवाद का प्रयास करेगा। अगर संवाद में बात नहीं बनी तो फेडरेशन की कोर कमेटी की बैठक बुलाकर स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद आगे की स्थिति का खुलासा किया जाएगा।

**यहां कामकाज रहा बंद :** फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, उमेश मुदलियार ने बताया कि राज्य के लाखों कर्मचारी, अधिकारियो ने एक दिवसीय हड़ताल कर सरकार को ताकत दिखाई। हड़ताल में पूरे प्रदेश के 33 जिला एवं 148 ब्लॉक, तहसील मुख्यालयों के कर्मचारी हड़ताल में रहे । राजधानी रायपुर के कलेक्टेट, सिंचाई, शिक्षा, पी एच ई, संस्कृति, श्रम, इंद्रावती संचनालाय, कृषि, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, नगर निगम, लोकनिर्माण, महिला पालिटेक्निक, स्वास्थ्य संयोजक, महिला पर्यवेक्षक, वेटनरी, सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी हड़ताल पर रहे । राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम परिसर मे एकत्रित होकर कर्मचारियों ने सभा का आयोजन किया गया।

### कर्मचारी-अधिकारी ...

मध्यप्रदेश सरकार की तरह, शासकीय सेवकों के अर्जित अवकाश का नगदीकरण 240 दिनों के बजाय 300 दिनों के लिए किया जाए।

### दफ्तरों में खाली रही ....

प्रभावित रहा। फेडरेशन का दावा है कि उनके आह्वान पर राज्य के चार लाख से अधिक कर्मचारी और अधिकारी आंदोलन में शामिल रहे।

### आधे स्कूल खुले ....

हैं। माना जा रहा है कि प्राइमरी स्कूल में ही हड़ताल का ज्यादा असर रहा।

### पुलिस को चकमा ....

की तलाश की जा रही है। फरार आरोपी को केशकाल पुलिस ने 25 सितंबर को पिकअप वाहन में गांजा तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया था। 26 सितंबर की शाम उसे जगदलपुर सेंट्रल जेल में दाखिल कराने ला रहे थे, तभी पुलिस को चकमा देकर आरोपी सूरज बतरा निवासी केशकाल बस से कूदकर फरार हो गया। मामले की तत्काल कोतवाली थाना में दर्ज कराई गई जिसके बाद कोतवाली व कोंडागांव पुलिस की टीम आरोपी की तलाश कर रही है। गौरतलब है कि सप्ताह भर के भीतर पुलिस कस्टडी से फरार होने की यह दूसरी घटना है, इससे पूर्व परपा थाना से पहले पुलिस की आखों में मिर्ची पाउडर झोककर चोरी का आरोपी फरार हो गया था, जिसका अब तक सुराग नहीं लग सका है।

### जनता की समस्याओं ....

130 किलोमीटर पैदल चलेंगे। प्रथम दिन की यात्रा की शुरुआत में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, राष्ट्रीय प्रभारी सचिव एस. सम्पत, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, सांसद ज्योत्सना महंत, डॉ शिव कुमार डहरिया, कवासी लखमा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के विधायक, पदाधिकारी शामिल हुए।

### यात्रा बिगड़ती कानून ....

बलात्कार की घटनाओं से प्रदेश चिंतित है। राज्य में आदमी जिंदा जलाए जा रहे हैं। एसपी, कलेक्टर कार्यालय में आग लगाई जा रही, पुलिस और सरकार आम आदमी को सुरक्षा दे पाने में नाकाम साबित हुए है। हमारी यात्रा का उद्देश्य जनता की तकलीफ को आवाज देना है।

### ये नेता शामिल.....

बघेल, जनक ध्रुव, भोला राम साहू, चातुरी नंद, शेषराज हरवंश, विक्रम मंडावी, उत्तरी जांगड़े शामिल हुए।

### कांग्रेस ने जो ....

भूला नहीं है कि किस प्रकार पीएससी के घोटाले में पूरी सरकार शामिल थी। प्रदेश की जनता भूली नहीं है कि किस प्रकार प्रधानमंत्री आवास को केवल अपना चेहरा नहीं चमक रहा था, इसलिए गरीबों का आवास छीनने का गुनाह किसने किया। वहीं कांग्रेस की सरकार ने घोटालों का सिलसिला चलाया। किस प्रकार शराब घोटाले में सरकार पूरी तरह से संलिप्त नजर आई। भगवान के नाम पर महादेव सट्टा एप बनाकर किस प्रकार से कांग्रेस की पिछली सरकार के मुखिया और उस समय के तत्कालीन कांग्रेस के नेता खुद उसमें पूरी तरह से शामिल थे। पूरे छत्तीसगढ़ को करप्शन का बाजार बनाया हुआ था। श्री नवीन ने कहा, इन सब गलत कृत्यों के लिए और छत्तीसगढ़ की जनता के साथ जो अन्याय किया है, उसके लिए कांग्रेस नेताओं को पछतावा होना चाहिए, माफी मांगनी चाहिए। उनके अन्यायों का हिसाब उनको इस यात्रा के क्रम में देना चाहिए।

### एसबीआई की फर्जी ....

अधिकारी भी निरीक्षण में पहुंचे। बताया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी छपोरा पहुंचे तो वहां स्टेट बैंक की तर्ज पर इस नई शाखा को संचालित होते देखा। इस दौरान उन्होंने भीतर जाकर काम कर रहे आधा दर्जन कर्मचारियों से पूछताछ की तो वहां के मैनेजर नहीं पहुंचे है और कर्मचारियों से पूछताछ पर उनकी नियुक्ति संबंधी जो जानकारी मिली उससे बैंक के अधिकारी हरकत में आए और उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संबंधितों से जानकारी ली गई। तत्पश्चात बैंक अधिकारियों से इस संबंध में मिली शिकायत व प्रावधान संबंधी जानकारी लेकर कार्रवाई शुरु की गई। पुलिस के मुताबिक इस फर्जीवाड़े में प्रारंभिक तौर पर तीन आरोपियों के नाम सामने आए है, जिनमें से मुख्य सरगना रायपुर का रहने वाला बताया जा रहा है, जबकि दो लोग कोरबा के है। बहरहाल इस मामले में पुलिस फर्जीवाड़े का अपराध दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है।

**आवेदन मंगाकर कर्मचारी नियुक्त :** फर्जी तरीके से संचालित हो रहे एसबीआई शाखा छपोरा में आधा दर्जन कर्मचारी पिछले सात दिनों से काम कर रहे थे। पूछताछ पर उन्होंने बताया कि छपोरा में एसबीआई की शाखा खुलने और भर्ती संबंधी जानकारी मिलने पर उन्होंने आवेदन पत्र जमा किया था, जिसके आधार पर उनका चयन हुआ था। इस दौरान उन्हें बैंकिंग कार्य का प्रशिक्षण देने और विधिवत काम करने की बात कही गई थी।

## पेज एक के शेष

### यह है पूरा...

अधिकार अधिनियम 2013 लागू हो गया। किसानों ने 2016 में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पुराने अधिनियम के प्रावधानों के मुताबिक की गई जमीन अधिग्रहण और मुआवजे की पूरी प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि नए अधिनियम के तहत 12 माह के भीतर मुआवजे की राशि दी जानी थी। पुराने अधिनियम के तहत भी प्रक्रिया पूरी करने की स्थिति में 3 जनवरी 2015 से पहले मुआवजा दिया जाना चाहिए था लेकिन उनके मामले में ऐसा नहीं किया जा सका। अब हाईकोर्ट ने आदेश में कहा है कि भू अधिग्रहण के मामलों में तय प्रावधान का पालन करना अनिवार्य है।

### झारखंड शराब घोटाले...

लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2022 (31.03.2022) को अधिसूचित कर लागू किया गया। इसके लिए त्रिपाठी ने झारखंड सरकार से सवा करोड़ रुपए भी प्राप्त किया।

### झारखंड में भी नकली...

होलोग्राम सप्लाई करने वाली कंपनी मेसर्स प्रीज्म होलोग्राफी एंड सेक्योरिटी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड नोएडा के विधु गुप्ता को निविदा प्रदान किया गया। विधु गुप्ता निविदा शर्तों के मुताबिक खुद होलोग्राम सप्लाई न कर ऑक्युलर होलोग्राफी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड को होलोग्राम सप्लाई का काम दे दिया।

### बिरनपुर खुर्द में...

की गिरफ्तारी तथा मौके पर कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को बुलाए जाने की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम ग्राम बिरनपुर खुर्द निवासी एक आदतन अपराधी तथा शाराबी युवक अशोक साहू पिता भोको साहू (30) ने उसी गांव के निवासी रोहित साहू व दुकलहा साहू पर उस समय धारदार चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जब वे नदी के किनारे बैठे थे। बीच बचाव के दौरान ग्रामीण उत्तरा साहू व तिजाऊ साहू भी आरोपी की चाकूबाजी का शिकार हो गए। इस घटना में ग्रामीण रोहित साहू व दुकलहा साहू गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक पूरे मामले में पुलिसिया कार्रवाई की जानकारी नहीं मिल पाई है। आरोप यह भी है कि स लोहारा पुलिस घटना की सूचना देने के चार घंटे बाद मौके पर पहुंची।

### सीएम बोले- एक ही...

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, राहुल भगत और आयुक्त भू अभिलेख रमेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**पटवारी अपने मुख्यालय में रहकर काम करें :** उन्होंने कहा कि आम जनों को दैनिक सरकारी कामकाज में पटवारी के सहयोग की जरूरत पड़ती है। श्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पटवारी अपने मुख्यालय में रहकर कार्य करें, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के विभिन्न शासकीय कार्यालयों की भूमि का शासन के पक्ष में नामांतरण का काम अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगरीय क्षेत्रों में शहरी पट्टों के वितरण के लिए आवश्यक कार्यवाही जल्द करें। फौती नामांतरण, बंटवारा, अविवादित नामांतरण सहित राजस्व मामलों के निराकरण में तेजी लाई जाए और इसे समय सीमा में ही पूरा करें। विभाग नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए डिजिटल नवाचारों पर भी तेजी के साथ काम करें।

**सचिव ने दिया कामकाज का ब्योरा :** राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चंपावत ने मुख्यमंत्री को राजस्व विभाग की योजनाओं, गतिविधियों और विभागीय आवश्यकताओं से अवगत कराया। उन्होंने राजस्व विभाग के प्रशासनिक इकाई की मूलभूत जानकारी के साथ ही स्वामित्व योजना, राहत कार्यालय के कार्य, राजस्व न्यायालय, जिओ रिफ्रेंसिंग, डिजिटल क्रॉप सर्वे सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं जानकारी साझा की।

### मशरूम एकत्रित करने...

इन हाथियों के मूवमेंट पर नजर रख रहा था और ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई थी। शुक्रवार सुबह करीब 3 बजे दिव्यांग कुमार, जो बाएं पैर से दिव्यांग था, सोरिद खुर्द जंगल में जंगली मशरूम इकट्ठा करने गया था। अचानक उसका सामना हाथियों में से एक से हो गया। जान बचाने के लिए उसने साइकिल छोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन हाथी ने उसे पकड़ लिया और पटक-पटककर मार डाला।

**बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीण :** मृतक का शव घटनास्थल से लगभग 300 मीटर की दूरी पर बुरी तरह से क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया। फिंगेश्वर थाना प्रभारी कमल वर्मा ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए।

### बिरनपुर खुर्द में चाकूबाजी...

दिया, जब वे नदी के किनारे बैठे थे। बीच बचाव के दौरान ग्रामीण उत्तरा साहू व तिजाऊ साहू भी आरोपी की चाकूबाजी का शिकार हो गए। इस घटना में ग्रामीण रोहित साहू के गले में चाकू के वार से गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई व दुकलहा साहू व दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक पूरे मामले में पुलिसिया कार्रवाई की जानकारी नहीं मिल पाई है। आरोप यह भी है कि स लोहारा पुलिस घटना की सूचना देने के चार घंटे बाद मौके पर पहुंची।

## अमेरिकाः विभिन्न राज्यों के सर्वेक्षणों में हैरिस ट्रंप से आगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एरिजोना, मिशिगन और पेंसिल्वेनिया जैसे कई राज्यों में अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से आगे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों में यह जानकारी दी गई। 'यूमास लोवेल' की 'सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन' और 'यूगोव' द्वारा जारी किए गए नये सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस मिशिगन में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं। 'यूमास लोवेल पॉलिटिकल साइंस' के 'असिस्टेंट प्रोफेसर' और 'सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन' के 'एसोसिएट डायरेक्टर' रोड्रिगो केस्ट्रो कॉर्नेजो ने कहा, ''इस राज्य के सर्वेक्षण में उपराष्ट्रपति का बढ़त बनाना उनके लिए अच्छी खबर है।' कॉर्नेजो ने कहा, ''अगर ट्रंप इस अंतर को कम करना चाहते हैं तो उन्हें 'ग्रेट लेक्स स्टेट' में मजबूती से लड़ना होगा।'' अमेरिका में एरिजोना, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, इलिनोइस, इंडियाना, मिनिसोटा, न्यूयॉर्क, ओहायो और विस्कॉन्सिन को 'ग्रेट लेक्स स्टेट' कहते हैं।

## बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने पोप फ्रांसिस पर साधा निशाना

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने कैथोलिक चर्च में यौन शोषण की घटनाओं को छिपाने की भयावह परिपाटी को लेकर पोप फ्रांसिस पर निशाना साधते हुए इस सिलसिले में ''ठोस कदम'' उठाने तथा पीड़िताओं के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की है। प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने शुक्रवार को फ्रांसिस की यात्रा की शुरुआत के मौके पर यह बात कही। क्रू का भाषण, पोप की किसी विदेश यात्रा के दौरान उनपर अब तक दिए गए सबसे तीखे भाषणों में से एक था । राजा फिलिप ने भी फ्रांसिस के लिए कड़े शब्दों का इस्तमाल किया था और उन्होंने चर्च से प्रायश्चित करने और पीड़ितों को उबारने में मदद करने के लिए अनवरत काम करने की मांग की थी।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड दन्तेवाड़ा**

CSPDCL

क्र. 12-13/विज्ञापन/1699 दंतेवाड़ा, दिनांक 27/09/2024

**// बिजली बंद की सूचना //**

सम्माननीय उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड दन्तेवाड़ा के अन्तर्गत **दिनांक 28/09/2024 दिन शनिवार को दन्तेवाड़ा सबस्टेशन** में मेंन्टेनेंस का कार्य किया जाना है। जिससे की दन्तेवाड़ा सबस्टेशन से निकलने वाले 33/11 के.व्ही. फीडर की विद्युत सप्लाई समय सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक बाधित रहेगी। समय में आवश्यक्तानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

**प्रभावित क्षेत्र - दन्तेवाड़ा शहर**
असुविधा के लिए खेद है।

**कार्यपालन अभियंता**
(संचा/संधा) संभाग
छ.स्टेट पॉ.डि.कं.लि., दन्तेवाड़ा

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, रायपुर**

(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (कार्यालय न.सं.उ., छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कंपनी)
सी.आई.एल. U40108CT2003SGC015822, पताः- क्वा. नं. 5 एवं 6, पावर हाउस कालोनी, सी.एस.ई.बी. कैम्पस, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)
वेवसाईट- www.cspc.gov.in, ईमेल-eecitynorth.raipur@cseb.gov.in टेलीफोन नं.- 0771-2574753

**//सूचना //**

विद्युत लाईनों/उपकरणों के रख-रखाव लाईन मरम्मत के आवश्यक कार्य हेतु निम्नांकित फीडरों / उपकेन्द्र के सम्मुख दर्शाये गये तिथि एवं समय में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव हैं। असुविधा के लिये खेद हैं ।

| क्र. | दिनांक एवं दिन | समय | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 28.09.2024 शनिवार | सुबह 12:00 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक | 33/11 के.व्ही. खमतराई उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. शिवानंद नगर फीडर | शिवानंद नगर, राकेश डेयरी शिवानंद नगर के आसपास का क्षेत्र एवं संबंधित अन्य क्षेत्र |

उपभोक्तागण विद्युत शिकायत के लिये विद्युत शिकायत केन्द्र गुढ़ियारी - 2593892, खमतराई - 2576317, टाटीबंध -2574755, कबीर नगर - 2574024, केन्द्रीय काल सेन्टर- 1912 में संपर्क कर एवं मोर बिजली एप डाउन लोडकर बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं ।
जनहित में विद्युत आपूर्ति हेतु लगाये गये विद्युत लाईन के नीचे / बगल से भवन / रोड / तालाब का निर्माण करना अवैधानिक हैं । अतः विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करे ।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर संभाग उत्तर**
**छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., रायपुर**

S-41584/1

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाइये।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

क्रमांक/परि.शा./न.नि./2024/1505 भिलाई, दिनांक 27/09/2024

**E-procurement Tender Notice**
**Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**

आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम नं. | निविदा लागत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड 21 कैलाश नगर बघवा चौक से सनमैरिज पैलेस रोड एवं वार्ड 23 घासीदास नगर करबला मैदान से **PWD Road** शासकीय प्राथमिक शाला से जामुल थाना रोड तक डामरीकृत मार्ग का उन्नयन कार्य। | **159220** | **79.22** लाख | **18.10.2024** |

निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन जमा की जाये। उक्त कार्य हेतु दी जाने वाली दरे ऑनलाईन (Online) दी जावें। उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी **https://cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
परियोजना

**ई–नीलामी बिक्री नोटिस परिसमापन प्रक्रिया में**

**सनशाइन इंफ्राबिल्ड कॉर्पोरेशन लिमिटेड (परिसमापन में)**
**सीआईएन संख्याः U45400DL2008PLC183645**
**पंजीकृत कार्यालयः रॉयल पैलेस कॉम्प्लेक्स, पहली मंजिल, जी –55, विकास मार्ग, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092**

दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत सनशाइन इंफ्राबिल्ड कॉर्पोरेशन लिमिटेड (परिसमापन में) की निम्नलिखित परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए नोटिस दिया जाता है ।

**नीलामी की तिथि और समय** : 04 नवंबर 2024 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
**बोली जमा करने की अंतिम तिथि** : 14 अक्टूबर 2024
**योग्य बोलीदाता की घोषणा** : 21 अक्टूबर 2024
**परिसंपत्तियों के निरीक्षण की अंतिम तिथि** : 28 अक्टूबर 2024
**ईएमडी जमा करने की आखरी तारीख** : 02 नवंबर 2024

| संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | बोली वृद्धिशील राशि |
|---|---|---|---|
| शॉप नंबर –315–316, तीसरी मंजिल "नेशनल कॉर्पोरेट पार्क" वार्ड नंबर 15, स्वामी आत्मानंद वार्ड, रायपुर में स्थित कार्यालय, सनशाइन इंफ्राबिल्ड कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम पर कुल सुपर बिल्ट–अप एरिया 2318 वर्ग फीट | रु. 105.00 लाख (लागू कर और प्रभार अतिरिक्त) | रु. 10.50 लाख | रु. 2.00 लाख या उसके गुणक |

**टिप्पणीः**

1. ईएमडी (वापसी योग्य) डिमांड ड्राफ्ट / पे ऑर्डर / एनईएफटी / आरटीजीएस बैंक हस्तांतरण के माध्यम से जमा किया जा सकता है ।
2. बोलीदाताओं को कार्यालय / संपत्ति पर जाकर संतुष्ट करने की आवश्यकता है क्योंकि संपत्ति **"जैसा है", "जहां है", "जो भी है"** और **"कोई सहारा आधार नहीं"** पर बेची जाएगी ।
3. ई–नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, प्रक्रिया सूचना दस्तावेज देखें । प्रक्रिया सूचना दस्तावेज cirpsicl@gmail.com पर परिसमापक को ईमेल भेजकर एकत्र किया जा सकता है । प्रक्रिया दस्तावेज **वेब पोर्टल https://www.eauctions.co.in** पर उपलब्ध होगा
4. ई–नीलामी अनुमोदित सेवा प्रदाता लिंकस्टार इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड वेबसाइट **https://www.eauctions.co.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी ।
5. परिसमापक को ई–नीलामी के किसी भी नियम और शर्तों को स्वीकार करने या रद्द करने या बढ़ाने या संशोधित करने का अधिकार है या परिसमापक बिना कोई कारण बताए ई–नीलामी रद्द कर सकता है ।
6. तकनीकी सहायता के लिए संपर्क व्यक्तिः श्री विजय पिपलिया / श्री इस्तिहाक अहमद 9870099713 ई–मेलः admin@eauctions.co.in
7. संपूर्ण बिक्री प्रतिफल के भुगतान के बाद, बिक्री प्रमाण पत्र / समझौता केवल सफल बोलीदाता के नाम पर जारी किया जाएगा और किसी अन्य नाम में जारी नहीं किया जाएगा । यह बिक्री दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अधीन होगी ।

**दिनांक** : 28.09.2024
**स्थान** : नई दिल्ली

**हस्ता / –**
**पवन कुमार गोयल**
सनशाइन इंफ्राबिल्ड कॉर्पोरेशन लिमिटेड के परिसमापक
**आईबीबीआई पंजीकरण सं.:** IBBI/IPA-001/IP-P00875/2017-18/11473
304, डीआर चैम्बर्स, 12 / 56 डी.बी. गुप्ता रोड, करोल बाग, नई दिल्ली–110005
**मोबाइल** : 9313502143
**पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाले ईमेलः** cirpsicl@gmail.com
**आईबीबीआई के साथ पंजीकृत परिसमापक का ई–मेलः** ca.pawangoyal@gmail.com

**पूर्व तट रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: eT-WAT-SOUTH-31-2024**
**दिनांक: 10.09.2024**

**कार्य का नाम:** वाल्टियर मंडल में पलासा–विशाखापटनम मेन लाइन ईएक्स थेरुबली से विजयनगरम RV लाइन और कोझुवलसा–किरंदुल लाइन पर स्टेशन यार्ड और सैक्शनों का प्रस्तावित ग्रेडिएंट सत्यापन।
**कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,36,71,484.02
**ईएमडी:** रु. 2,18,400/-, **पूर्णता अवधि:** 6 (छह) माह
**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 04.10.2024 को 1500 बजे

**निविदा सूचना सं.: eT-WAT-SOUTH-32-2024,**
**दिनांक: 10.09.2024**

**कार्य का नाम:** DEN/SOUTH/WAT के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत हाई बैंक्स के सेस स्लोप की मरम्मत और हाई बैंक्स पर सेस का सुरक्षा कार्य।
**कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,71,93,586.83/-
**ईएमडी:** ₹2,36,000/-, **पूर्णता अवधि:** 12 (बारह) माह
**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 15.10.2024 को 1500 बजे

इन ई–निविदाओं के अधीन फर्म के लेटर हेड में जमा किये गये एवं समय पर प्राप्त डाक / कूरियर / फैक्स के माध्यम से भेजे गये या व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये मैनुअल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा और उन पर कोई विचार किये बिना उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

नोट: भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए कृपया निविदा बंद होने की तिथि के 10 दिन पूर्व तक वेबसाइट को दोबारा देखें। वेबसाइट www.ireps.gov.in

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभियंता)
वाल्टियर

PR-556/P/24-25

## राशिफल

**मेष** – परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ** – फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5646



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 5645 का हल**



## सूडोकु नवताल 5657

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGA, SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5656 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |



## 15 मिनट में शूट कर लिया था इस फिल्म का गाना

**नई दिल्ली।** स्त्री 2 के एक्टर अभिषेक बनर्जी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में गोविंदा की फिल्म से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि कैसे गोविंदा ने एक गाने का शूट महज 15 मिनट में पूरा कर लिया था। अभिषेक ने कहा, 'एक बार डेविड सर ने मुझे बताया था कि वो लोग पेरिस में एफिल टावर के पास कुछ शूट कर रहे थे। उन्हें एक सेगमेंट शूट करना था, शायद हीरो नंबर वन का। उनके पास वहां शूट करने की इजाजत नहीं थी और उनके पास ज्यादा वक्त भी नहीं था। गोविंदा ने तब उनसे (डेविड धवन) कहा था कि आप बस अपना कैमरा ऑन करिए। और उन्हें जो भी शूट करना था, गाने के स्टेप, उन्होंने ग्रुप के साथ 15-20 मिनट में शूट कर लिया था। इसके बाद, वो लोग वहां से निकल आए थे'।

लाइफ Style

# सोमी अली



## सोनू निगम पर निकाली भड़ास

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोमी अली अक्सर सलमान खान पर भड़ास निकालती रहती हैं। अपने लेटेस्ट वीडियो में उन्होंने सोनू निगम को घेरा है। सोमी ने एक वीडियो पोस्ट करके इसमें बोला है कि सोनू निगम ने उनको मूर्ख बनाया। उनका फायदा उठाया और वह सोशियोपैथ हैं।

सोमी का कहना है कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि सोनू निगम इस हद तक गिर जाएंगे। सोमी वीडियो में बोलती हैं, करीब 3 साल पहले, रीसेंटली भी। मुझे ठगा गया। ये सीधी है इसका फायदा उठाना, ये सीधा है इसका फायदा उठाना हम सब इन चीजों से गुजर चुके हैं। मैं बताना चाहती हूं कि इन चीजों पर मेरा रिएक्शन कैसा होता है। कुछ साल पहले मैंने टॉक शो शुरू किया था। इसमें कुछ लोगों के इंटरव्यू लिए थे। मैं उनका नाम नहीं लूंगी। वो शख्स जो टॉक शो में था। वह बहुत समझदार लोगों की तरह बात करता है।

वह बहुत ज्ञान बांटता है। मैं उससे प्रभावित हो गई। मुझे लगा कि वह जो उपदेश दे रहा है उसको जिंदगी में मानता भी है। सोमी बोलती हैं, बाद में मैंने उसके फायदे के लिए उसे लंदन में कुछ प्रोजेक्ट्स दिलाने के लिए कॉन्टैक्ट किया। उसने मेरे टेक्स्ट और वॉट्सऐप मैसेज इग्नोर कर दिए। मुझे लगा कि वह शो में आने के लिए बहतु उत्सुक था। कोई पैसा भी नहीं लिया क्योंकि उस वक्त हम टॉक शो के लिए पैसे देना अफोर्ड भी नहीं कर पा रहे थे, क्योंकि ये छोटा टॉक शो था। सोमी ने बताया कि बाद में उन्हें समझ आया कि ये सज्जन उनके चैट शो पर इसलिए ले गए थे, क्योंकि मुंबई में किसी (सलमान खान) को दिखाना चाहते थे कि वह उनकी एक्स-गर्लफ्रेंड के साथ काम करके आए हैं।

हॉलीवुड मसाला



## 'बैलेरीना' का ट्रेलर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** जॉन विक की दुनिया के बारे में जानने की इच्छा रखने वाले दर्शकों के लिए एक खुशखबरी है। 'फ्रॉम द वर्ल्ड ऑफ जॉन विकः बैलेरीना' का पहला ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म में अभिनेत्री एना डी आर्मस मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही जॉन विक खुद कीनू रीव्स की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म अगले साल 2025 में 6 जून को रिलीज होगी। ट्रेलर लांच के साथ ही मेकर्स ने बताया है कि 'जॉन विक अध्याय 3' पैराबेलम बैलेरीना की घटना ईव मैकारो को ही अपना आदर्श मानती है, जो रुस्का रोमा में अपना प्रशिक्षण शुरू कर रही है।



## 2025 में धूम मचाने को तैयार है एमसीयू

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर में फैन फॉलोइंग है। इसकी कोई भी फिल्म आए, फैन्स टूट पड़ते हैं। अब साल 2025 में एमसीयू के कई प्रोजेक्ट्स रिलीज होने वाले हैं। इस साल मंकी मैन, एजेंट रिकॉन समेत कई हॉलीवुड मूवीज रिलीज हो चुकी हैं। वहीं आने वाले दिनों में ग्लेडिएटर। रेड वन और थंडरबोल्ट जैसी कई पिक्चरें रिलीज होने वाली हैं। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के साल 2025 के प्रोजेक्ट्स में 4 फिल्में शामिल हैं। इन सभी फिल्मों की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। एमसीयू की अगले साल रिलीज होने वाली फिल्मों में कैप्टन अमेरिका ब्रेव न्यू वर्ल्ड, थंडरबोल्ट्स, द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप और ब्लेड शामिल हैं।



## अलाना की डेब्यू सीरीज 'द ट्राइब' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** एक और स्टारकिड इंडस्ट्री में कदम रखने को तैयार है। दांव लगाया है अक्सर ही नेपोटिज्म के आरोपों से घिरे रहने वाले करण जौहर ने। बात हो रही है अनन्या पांडे की चचेरी बहन अलाना पांडे की। वे 'द ट्राइब' सीरीज से डेब्यू करने जा रही हैं। इस सीरीज का शुक्रवार को ट्रेलर जारी किया गया है। मालूम हो कि अनन्या पांडे को भी 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से करण जौहर ने ही लॉन्च किया था। अब अलाना भी उन्हीं की ऑरिजनल सीरीज से इंडस्ट्री में आ रही हैं। यह सीरीज 4 अक्टूबर को रिलीज होगी। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जाएगा। 'द ट्राइब' में अलाना के अलावा अलाविया जाफरी, सृष्टि पोरे, अल्फिया जाफरी, आर्याना गांधी और हार्दिक जावेरी जैसे सितारे भी हैं। ट्रेलर में सभी की झलक देखने को मिली है।



## देवरा पार्ट 1 में विलेन बन छाए सैफ

**मुंबई।** जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर की फिल्म देवरा पार्ट-1 सिनेमाघरों में 27 सितंबर को रिलीज हुई है। यह जाह्नवी कपूर की पहली तेलुगु फिल्म है। वहीं, सैफ अली खान इस फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। कुछ लोगों को जहां यह फिल्म बेहद पसंद आई है। वहीं, कई लोगों को फिल्म बहुत ज्यादा पसंद नहीं आई है। एक एक्स यूजर ने लिखा कि फिल्म का स्टार्ट बेहद शानदार है। वहीं, फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक मजेदार है। एक्स यूजर ने जूनियर एनटीआर के इंट्रोडक्शन सीन की भी तारीफ की है। सैफ अली खान इस फिल्म में विलेन बने हैं। एक्स यूजर ने सैफ अली खान की एक्टिंग को शानदार बनाया है। उन्होंने लिखा कि सैफ को विलेन के रोल के लिए कम आंका जाता है।

टीवी मसाला



## रुपाली गांगुली को शो में रिप्लेस करेंगी शिवांगी जोशी?

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' में जल्द ही एक नया ट्विस्ट आने वाला है। इस ट्विस्ट के चलते शो की कहानी 15 साल आगे बढ़ेगी। शो में आने वाले 15 साल के लीप के बाद 'अनुपमा' में कई नए कलाकारों की एंट्री होने वाली है। देश के नंबर वन सीरियल अनुपमा में जल्द ही 15 साल का लीप आने वाला है। इस लीप के चलते कई एक्टर्स इस शो का साथ छोड़ने वाले हैं और साथ में कई नए एक्टर्स की राजन शाही के इस शो में एंट्री भी होने वाली है। इन नए एक्टर्स में से सबसे चर्चित नाम है शिवांगी जोशी का। कहा जा रहा है कि अनुपमा में 15 साल का लीप आने के बाद 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की नायरा यानी एक्ट्रेस शिवांगी जोशी रुपाली गांगुली के शो में एंट्री कर सकती हैं। शिवांगी जोशी सीरियल में अनुपमा और अनुज कपाड़िया की बेटी आद्या कपाड़िया का किरदार निभाते हुए नजर आएंगी। फिलहाल औरा भटनागर अनुपमा में आद्या का किरदार निभा रही हैं। अब शिवांगी जोशी की एंट्री के बाद क्या रुपाली गांगुली शो में रहेंगी या फिर लीप के बाद भी वो शो को अलविदा कहेंगी इस बात का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

## 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स ने 'सोनू' को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा एक बार फिर से विवादों में घिरता हुआ नजर आ रहा है। सबसे लंबा चलने वाला ये शो आए दिन किसी न किसी वजह के चलते सुर्खियों में रहता है। शो के मेकर्स अब सोनू



भिड़े का किरदार निभाने वाली पलक सिंधवानी को लीगल नोटिस भेजा है। मेकर्स ने नोटिस के साथ पलक पर ये आरोप लगाया है कि एक्ट्रेस ने कॉन्ट्रैक्ट के कई नियमों का उल्लंघन किया है। जिसका सीधा असर शो और प्रोडक्शन कंपनी पर पड़ा है। कंपनी को काफी नुकसान हुआ है। पलक सिंधवानी को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने बिना मेकर्स की सहमति के तीसरे पक्ष के साथ हाथ मिलाया है। जबकि उनके कॉन्ट्रैक्ट में लिखा है कि वो उनके खिलाफ जाकर कोई भी ऐसा काम नहीं कर सकती हैं, इसी मामले में पलक को नोटिस जारी किया गया है। माना जा रहा है कि इस नोटिस के बाद अब पलक सिंधवानी का शो से भी पत्ता कट सकता है। अगर ऐसा होता है तो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के शो से एक और एक्टर बाहर हो जाएगा।

## 200 करोड़ी फिल्म के फ्लॉप होने पर रो पड़े थे अक्षय

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी और डिजास्टर साबित हुई थी। इसकी असफलता के बाद अक्षय की आंखों से आंसू छलक पड़े थे। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के लिए बॉक्स ऑफिस पर बीते कई महीने अच्छे नहीं रहे। नवंबर 2021 में रिलीज हुई फिल्म सूर्यवंशी के बाद उनकी एक बाद एक कई फिल्में आई और सब ही फ्लॉप रही। सिर्फ ओह माई गॉड ही हिट रही थी। इसके अलावा उनकी सभी फिल्में बॉक्स पिट गई। इस साल भी अक्षय की अब तक तीन फिल्में आ चुकी है और तीनों ही फ्लॉप रही है। अक्षय की सूर्यवंशी के बाद जो फिल्में फ्लॉप रही है उनमें सम्राट पृथ्वीराज भी शामिल है। ये फिल्म भारी भरकम बजट में बनी थी और जब ये डिजास्टर हुई तो अक्षय कुमार का हाल बहुत बुरा हो गया था। ये खुलासा खुद फिल्म के डायरेक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 3



जून 2022 को रिलीज हुई थी। फिल्म में अक्षय के लुक की काफी आलोचना हुई। फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपए था। लेकिन ये अपना बजट तक नहीं निकाल पाई। इसने वर्ल्डवाइड सिर्फ 90 करोड़ रुपएका कलेक्शन किया था।

## 20 से ज्यादा लोगों की टीम, 16 गिटार और 50 करोड़ फीस, ऐसे काम करता है 'कोल्डप्ले'

**लॉस एंजिल्स।** सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन से लेकर अमेरिका, फ्रांस हर जगह लोग कोल्डप्ले के दीवाने हैं। हाल ही में कोल्डप्ले की टीम ने अपने एशियाई टूर की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद इंडिया में भी इस कॉन्सर्ट का टिकट खरीदने के लिए होड़ लग गई है। फिलहाल इस शो के टिकट के लिए 10 लाख की वेटिंग लिस्ट है। 18 और 19 जनवरी 2025 को मुंबई में होने वाले 'कोल्डप्ले' के कॉन्सर्ट के एक टिकट की कीमत 2500 से लेकर 35 हजार तक है। लेकिन इस बैंड की टिकट अब ब्लैक में 3 -4 लाख के दाम पर बेची जा रही है। 27 साल पहले यानी साल 1997 में



यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में 5 संगीत के दीवानों ने अपना एक रॉक बैंड शुरू करने का फैसला लिया था। शुरुआत में इन पांचों ने खुद के बैंड को 'बिग फैट नॉइस' (बड़ा सा शोर) नाम दिया था। फिर कुछ समय बाद ये 5 रॉकस्टार अपने इस बैंड को 'स्टारफिश' कहने लगे और आखिरकार उन्होंने तय कर लिया कि वो खुद को 'कोल्डप्ले'कहेंगे और साल 1998 में उन्होंने अपना पहला गाना रिलीज कर दिया।

### अपने रोडीज़ को साथ लेकर चलता है ये बैंड

भले ही स्टेज पर इस बैंड के 4 रॉकस्टार अपना कमाल दिखाते हैं, लेकिन हर कॉन्सर्ट के लिए इन रॉकस्टार के साथ एक बड़ी टीम ट्रेवल करती है। अपनी इस टीम को 'कोल्डप्ले' बैंड ने रोडीज़ का नाम दिया है। 'कॉलप्ले'की लगभग 20 से 25 लोगों की टीम होती है। लेकिन ये परिस्थितियों के अनुसार घटती बढ़ती भी है। बैंड वाले कुछ लोकल लोगों को भी हायर करते हैं।



## डेटिंग एप पर हैं कई सेलेब्स

**नई दिल्ली।** उर्वशी रौतेला ने बहुत ही हैरान कर देने वाली बात बताई है। उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में बताया कि एक डेटिंग एप है जिसपर बहुत सारे सेलेब्स हैं। उर्वशी ने इस डेटिंग एप का नाम और इस पर मौजूद दो सेलेब्स के नाम का भी खुलासा किया है। रौतेला ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं राया (डेटिंग एप) पर हूं, लेकिन सिर्फ अपने दोस्तों के लिए, किसी और चीज के लिए नहीं। ऋतिक भी हैं राया पर। मैंने तो आदित्य रॉय कपूर को भी देखा है एप पर, राया पर तो और भी कई सारे सेलेब्स हैं।' उर्वशी बोलीं, 'मेरे पास पहले से ही उनके नंबर हैं। मुझे राइट स्वाइप करने की क्या जरूरत है? अगर मुझे उनसे मिलना होगा और उनके पास टाइम होगा तो हम यूं ही मिल लेंगे और हां, राया पर सेलेब्स को रिक्वेस्ट भेजने के लिए फीस भी पे करनी पड़ती है।' सोशल मीडिया पर ऋतिक, अर्जुन कपूर और आदित्य की डेटिंग प्रोफाइल वायरल हो रही है।

## 7वीं क्लास में हुआ पहला किस, कई टॉप एक्ट्रेसेस को किया डेट तो कहलाए 'प्लेबॉय'

बॉलीवुड में हर स्टार की अपनी कहानी है और हर किसी की कहानी में कुछ ना कुछ दिलचस्प है। उनका बचपन हो, अफेयर हो या फिर फिल्मी करियर, इनमें कुछ ना कुछ ऐसा रहा जिसने उनको अलग पहचान दी। ऐसा ही एक एक्टर है जिसने बॉलीवुड की इतनी एक्ट्रेसेस को डेट किया कि उसे 'प्लेबॉय' तक का टैग मिल गया।

**नई दिल्ली।** हम बात कर रहे हैं कपूर खानदान के हैंडसम हंक रणबीर कपूर की, जो आज (28 सितंबर) अपना जन्मदिन मना रहे हैं। एक्टर अब 43 साल के हो गए हैं। रणबीर कपूर ने साल 2007 में आई फिल्म 'सांवरिया' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। इंडस्ट्री में उन्हें 17 साल हो गए हैं और इस 17 सालों में जितने चर्चे उनकी फिल्मों के रहे, उससे ज्यादा सुर्खियां उनके अफेयर की खबरों ने बटोरी।

### बचपन से ही रहे हैं काफी रोमांटिक

ऐसा नहीं है कि रणबीर कपूर फिल्म इंडस्ट्री में आने के बाद प्यार में पड़े। वे तो बचपन से ही काफी रोमांटिक रहे हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब खुद एक इंटरव्यू में रणवीर ने बताया था कि उनका पहला किस 7वीं क्लास में ही हो गया था। तब उनकी उम्र महज 12-13 साल थी और उन्हें अपने क्लास की एक लड़की पसंद थी, जिसे उन्होंने सीढ़ियों के नीचे किस किया था।



### सोनम संग आई अफेयर की खबरें

रणबीर कपूर का नाम बॉलीवुड की कई टॉप एक्ट्रेसेस के साथ जुड़ा। एक्टर की डेब्यू फिल्म 'सांवरिया' से अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन रणबीर और सोनम के प्यार के चर्चे परवान चढ़ रहे थे। हालांकि, कुछ समय बाद दोनों के अलग होने की खबरें आईं।

### दीपिका को किया डेट, पाक एक्ट्रेस संग जुड़ा नाम

रणबीर कपूर का कैटरीना कैफ के साथ भी लंबा रिलेशनशिप रहा। हालांकि. फिल्म 'जग्गा जासूस' के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। एक्टर का दीपिका पादुकोण के साथ अफेयर सबसे चर्चा में रहा, लेकिन ये रिश्ता भी अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच सका। इसके अलावा एक्टर का नाम नरगिस फाखरी और पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान के साथ भी जुड़ा। ऐसे में रणबीर कपूर पर 'प्लेबॉय' का टैग लग गया।

### आलिया भट्ट से रणबीर ने रचाई शादी

बाद में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट एक-दूसरे के करीब आए और कुछ समय की डेटिंग के बाद दोनों ने शादी कर ली। अब दोनों एक बेटी राहा कपूर के पेरेंट्स हैं और एक हैप्पी मैरिड लाइफ एंजॉय कर रहे हैं।

# डिप्टी रेंजर पर जानलेवा हमला, 17 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

■ आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल, कई कठोर धाराओं के तहत मामला दर्ज

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम डालामौहा में बीते 22-23 सितम्बर की दरमियानी रात रेत तस्करों और उनके गुर्गो द्वारा कार्यवाही करने गए वन विकास निगम के डिप्टी रेंजर तथा अमले पर किए गए जान लेवा हमले व मारपीट के मामले में कुकदुर पुलिस ने घटना के चार दिन बाद वारदात को अंजाम देने वाले 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि इन आरोपियों दो नाबालिग भी शामिल हैं। गिरफ्त में आए सभी आरोपियों के विरूद्ध कई गंभीर धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है। उल्लेखनीय है कि गत 22-23 सितम्बर की दरमियानी रात वन विकास निगम के डिप्टी रेंजर गणेश चन्द्रवंशी को इस बात की सूचना मिली थी कुछ लोगों द्वारा ग्राम डालामौहा स्थित वन भूमि की नदी से अवैध ढंग से रेत खनन का कार्य किया जा रहा है। इस सूचना के बाद श्री चन्द्रवंशी अनिल कुर्रे सहित वन विकास नियम के कर्मियों के साथ कार्यवाही करने मौके पर पहुंचे थे। लेकिन तस्करों ने वन विकास निगम के अमले को आता देख उन पर लाठी डंडे से हमला कर दिया और दौड़ा कर डिप्टी रेंजर गणेश चन्द्रवंशी तथा अनिल कुर्रे को पकड़कर बंधक बना लिया तथा उनके साथ जमकर मारपीट की और उनकी वर्दी तक फाड़ दिया। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल श्री चन्द्रवंशी तथा श्री कुर्रे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में डिप्टी रेंजर की रपट पर पुलिस दो नामजद आरोपियों के साथ वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। इसी कड़ी में अब कार्यवाही करते हुए कुकदुर पुलिस ने कुल 17 आरोपियों को उनके ठिकाने में दबिस देकर गिरफ्तार किया है।

**ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौतः बीजापुर।** बीजापुर से स्पेंडर प्लस बाइक में लक्ष्मैया तलांडी अपने साथी गौरैया तलांडी के साथ भोपालपटनम घर वापस जाते समय महादेव घाट एएनटीएस सीआरपीएफ कैंप के पास ट्रक क्रमांक ओडी 35 एफ 9957 से जबरदस्त टक्कर होने पर लक्ष्मैया की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा सवार गौरैया तलांडी का जिला अस्पताल बीजापुर में इलाज जारी है।

# सुकमा में तीन नक्सलियों ने किया आत्म समर्पण और एक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को तीन नक्सलियों ने सुकमा जिला मुख्यालय में समर्पण कर दिया। वहीं हत्या के मामले में छह माह से फरार एक नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। छग शासन की नक्सलवाद उन्मूलन व पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए तीन नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। नक्सलियों के समर्पण में 201, 208 कोबरा वाहिनी एवं 217 वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष प्रयास रहा।

समर्पित नक्सलियों में डीएकेएमएस उपाध्यक्ष मुचाकी संतोष 30 वर्ष निवासी कन्हाईगुड़ा थाना कोंटा के अलावा रवा नंदा (सुरपनगुड़ा आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य) 32 वर्ष निवासी ग्राम चिमलीपेंटा थाना चिंतलनार जिला सुकमा व दिरदो भीमा उर्फ महेश (पालाचलमा आरपीसी मिलिशिया सदस्य) 25 वर्ष निवासी इत्तनपाड़ थाना किस्टाराम जिला सुकमा शामिल है। समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने वाले तीनो नक्सली पुलिस गश्ती पार्टी की रेकी कर हमला करने, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गों पर स्पाईक व बम लगाने, मुख्य मार्गों को खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने तथा शासन-प्रशासन के विरूद्ध बेनर, नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाने की वारदातों में शामिल थे।

# वनांचल ग्राम कांदावानी व धुरसी में फैला डायरिया सप्ताहभर में पांच की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासन-प्रशासन तथा जिला स्वास्थ्य विभाग के तमाम तथा कथित दावों और प्रयासों के बीच कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत वनांचल ग्राम कांदावानी में एक बार फिर डायरिया फैलने की खबर सामने आई है। बताया जाता है कि इस ग्राम पंचायत में बीते सप्ताह भर के भीतर ही पांच आदिवासियों की मौत हो गई है। गुरूवार को सामने आई इसकी जानकारी के बाद अब प्रशासन और जिले के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि गुरूवार की शाम को ही स्वास्थ्य विभाग के अमले ने ग्राम पंचायत कांदावानी में डेरा डाल दिया है और यहां रातभर रूक कर ग्रामीणों की सघन जांच व उपचार किया गया है। स्वास्थ्य विभाग का कैम्प शुक्रवार को भी गांव में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कांदावानी तथा आश्रित ग्राम धुरसी में निवासरत ग्रामीणों में उल्टी दस्त की शिकायत देखने को मिल रही थी। लेकिन जब एक के बाद एक गांव में मौत का सिलसिला शुरू हुआ तो ग्रामीण सख्ते में आ गए। बताया जाता है कि अभी तक इस मामले में ग्राम धुरसी निवासी पति पत्नी तथा एक अन्य स्कूली छात्रा की उल्टी दस्त के चलते मौत होने की खबर सामने आई है। वहीं इसी पंचायत के दो अन्य ग्रामीणों की दूसरी बीमारी के चलते मौत हुई है। इन मौतों के बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग को दी और सूचना पाकर स्वास्थ्य विभाग गुरूवार की शाम को ही मौके पर पहुंच गया तथा यहां कैम्प लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर रहा है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### कुक

आवश्यकता है- कुक चाहिए नया रायपुर सेक्टर 27 में हॉस्टल का खाना बनाने हेतु अनुभवी कुक चाहिए आदमी,औरत चाहिए मों. नं.- 9826136230.(RO-5954)

### घरेलु कार्य/ड्रायवर

आवश्यकता है- घर का घरेलू कार्य 1, ऑफिस में टेली कॉलिंग 2, कंप्यूटर कार्य 1, घर बैठे मार्केटिंग हेतु 15-20 फीमेल चाहिये सैलरी 7500/- कुवारी, तलाकशुदा, विडो फीमेल फोटो बायोडाटा सहित मिले:- मारवाड़ी मैरिज ब्यूरो नियर गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रायपुर मोबाइल:- 90393-21951. (RO-3013)

आवश्यकता है- अमलीडीह रायपुर में घर की साफ सफाई एवम अन्य घरेलु कार्य हेतु अनुभवि पति/पत्नी या परिवार की आवश्कता हैं,रहने की सुविधा,आकर्षक वेतन । संपर्क 6262800016, 6262800019. (RO-274)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता**
**जियो पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु**
अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है।
स्थान:-तेंदुआ, जिओ पेट्रोल पंप, रिंग रोड नं. 4, रायपुर
**8 घंटे ड्यूटी**
वेतन-9,000/- से 20,000/-
संपर्क करे- 97522-08203 86025-00004

### सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राइवर, माल छोड़ने के लिए लड़कों की एवं घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है संपर्क करे:- बोरियाखुर्द रायपुर मोबाइल नंबर:- 9893115061. (RO-3015)

### कुक/डिलीवरी कार्य

आवश्यकता है- टिफिन सेंटर में खाना बनाने के लिए कुक की आवश्यकता एवं टिफिन डिलीवरी के लिए लड़के की आवश्यकता (पार्ट टाइम) टेस्ट ऑफ़ पंजाब मारुति रेजिडेंसी रोड गोलछा अपार्टमेंट के सामने अमलीडीह रायपुर 9826162764.(RO-7404)

### सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

आवश्यकता है- बॉस इंस्ट्रूमेंट्स मेडिकल इंस्ट्रूमेंट कंपनी को रायपुर जिले एवं बिलासपुर जिले के लिए सेल्स रिप्रेजेंटेटिव की आवश्यकता है फ्रेशर ग्रेजुएट संपर्क करें। मेल- salesbossinstruments@gmail.com मोबाइल नंबर:- 9244757509. (RO-3016)

### फिटर/हेल्पर

आवश्यकता है- दोना पत्तल मशीन व अन्य मशीन हेतु फिटर (मिस्त्री) हेल्पर वेल्डर की आवश्यकता हैं। कृपया संपर्क करें- विश्वकर्मा मशीनरी, आमापारा बाजार के पास, बजरंग नगर, रायपुर, मो. नं. 9827494002. (RO-6956)

### कुक/ड्रायवर

आवश्यकता है- देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने कुक, रोटी बनाने हेतु महिला एवं ड्राइवर की। रहना, खाना फ्री। तुरन्त संपर्क करे:- मो.- 9303657790, 7970259986.(आरोन.-593)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12th PASS टेलीकॉलर- 2 ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(Ro -3007)

### पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- पैकिंग कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भांटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर 9300629026, 9300229026. (RO-1772)

### शोरूम कार्य

आवश्यकता है- स्टेशनरी, गिफ्टमेकर शोरूम में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है. वेतन योग्यतानुसार. डायरी हॉउस, माँ अन्नपूर्णा काम्पलेक्स बंजारी रोड रायपुर 07714036253, 9131910588, 9329100996. (RO-5952)

### रसोइये

आवश्यकता है- विशाल नगर/तेलीबांधा (रायपुर) के क्लाउड किचन में आंध्रा के तेलुगु टिफ़िनि के शाकाहारी व्यंजन बनाने के लिए एक कुशल अनुभवी रसोइये की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार. संपर्क करें - 9425203443. (RO-25238)

### वेल्डर/फिटर

आवश्यकता है- रायगढ़, भिलाई, रायपुर, बलौदा बाजार, कोरबा, चांपा पावर प्लांट इंजीनियर सिविल, पॉलिटेकनिक कोपा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस कार्य इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाइजर, वेल्डर कटर फिटर गार्ड चपरासी, ड्राइवर, स्टोर कीपर, ऑफिसर, (रहना खाना+ मेडिकल फ्री) सम्पर्क- बिलासपुर 8962527013.(RO-35460)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

### प्रचार कार्य

आवश्यकता है- कैनोपी द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट का प्रचार करने के लिए अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क समय 11 से 2 मोबाइल 7587493092. (RO-1229)

### साफ/सफाई कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस में साफ -सफाई एवं चाय/पानी पिलाने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है । वेतन चार अंको में संपर्क -शॉप नं. 12 रेलवे क्रॉसिंग के पास आकाशगंगा सुपेला - 98930-92649, 98278-06026.(आरो न.-6384)

### पैकिंग/बिलिंग कार्य

आवश्यकता है- 375/- प्रतिदिन+ ओवरटाइम 375/- फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, ड्राइवर/ लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करे- तापड़िया फटाका, नेमींचंद गली, तेलघानी नाका चौक, रायपुर । (RO-705)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु पुरूष महिला एंव टेली एकाउन्टेंट (फीमेल) सम्पर्क करें राजेश होजयरी फारेस्ट कालोनी के पास गली नं.1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201.(RO-7405)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- रांची (झारखंड) ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 28वर्ष, योग्यता 10वीं, 12वीं वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 7772063278, 6264975695. (RO-35528)

### अन्य

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें- 7326057709, 9040788128.(RO-3744)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

आवश्यकता है- भारत की नंबर - 1 RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS JOB) करके लड़के लड़कियां , गृहणियां , रिटायर्डपर्सन ,घरबैठे कमाए (21500 - 48500) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, WhatsApp / Call करें:- 8101180949.(RO-471)

आवश्यकता है- Airport डायरेक्ट भर्ती अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ग्राउंडस्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, ड्राईवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस, फंड, बोनस, (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर संपर्क:- 9205219535.(RO-3011)

आवश्यकता है- (नवरात्रि स्पेशल ऑफर) आवश्यकता है जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्ट टाइम/फुल टाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC - 2150/- +91 62673 24667. (RO-1332)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस- राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.(Ro -3005)

## Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, (*एक साल में*) M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्कः- *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.-9826196515, 9826896515 नोट :- *एडमिशन हेतु फ्रेंचाइजी सेंटर & एजेंन्ट आमंत्रित* (आरो नं -6381)

## Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

## Property प्रापर्टी

प्लॉट बेचना है - वेदान्ता कॉलोनी कान्दुल रोड में 5000 वर्ग फीट कॉर्नर प्लांट 100 x 50 डायवर्टेड (परिवर्तित भूमि) बेचना है कालीबाड़ी रायपुर से प्लांट की दूरी 3 किलोमीटर पर है। संपर्क करें- 9755607666.(RO-6498)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152




Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हेपाटाईटिस, एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या
स्त्री-पुरूष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) में दाने छाले, फुन्सी, लाल होना, फटना, जलन व दर्द योनि में खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना, मुँह में छाले, कमजोरी, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना, मैल जमना शरीर में खुजली होते हो तो तुरंत खून की जाँच कराये इसमे कई लोगों को हेपाटाईटिस, हर्पिस व कुछ लोगों को एच.आई.वी. पॉजिटिव होते हुए भी पाया गया है। आप चिंता मुक्त हो सकते है यदि खून का रिपोर्ट निगेटिव हो तो यदि पॉजिटिव हुआ तो आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यौन समस्याः इन्द्रिय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथ्रा स्ट्रेक्चर अर्थात् (पेशाब मे रूकावट, बूंद बूंद या नही उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ।
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.) 9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईंटमेंट फोन से (गुरूवार अवकाश)

## खबर संक्षेप

### विक्रमादित्य को आलाकमान का साफ संकेत, पार्टी लाइन का पालन करें

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** हिमाचल की कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह को लेकर आलाकमान इतना नाराज है कि उनके फैसले पर शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर मिट्टी डाल दी गई। बतौर शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उप्र सरकार की तर्ज पर सभी खानपान बेचने वालों के लिए दुकान पर नाम पट्टिका लगाये जाने को जायज ठहराते हुए हिमाचल के लिए भी वही पॉलिसी की घोषणा की तो राम मंदिर पर उनके बयान से आहत पहले से भरे शीर्ष नेतृत्व ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु को आडे हाथों ले लिया। मुख्यमंत्री के रहते हुए ऐसे फैसले कैसे हो रहे हैं? नेतृत्व ने सवाल किया।

### 'इंडिया आउट' अभियान के बीच अक्टूबर में भारत की यात्रा करेंगे मालदीव के राष्ट्रपति

**हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली।** मालदीव में बढ़ते चीन के प्रभाव और 'भारत को बाहर रखने'(इंडिया आउट) के अभियान के बीच अगले महीने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्ज़ू भारत की यात्रा करेंगे। पिछले साल के अंत में मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। सूत्रों ने बताया कि मुइज्ज़ू 7 से 9 अक्टूबर तक भारत के दौरे पर रहेंगे। इसमें 8 अक्टूबर को उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। सरकार के अन्य प्रतिनिधियों से वह मुलाकात करेंगे। साथ ही उनकी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ शिष्टाचार मुलाकात हो सकती है।

### ओडिशा : सरोगेसी में मिलेगी 180 दिन की मैटरनिटी लीव

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सरोगेसी के जरिए माता-पिता बनने वाले कर्मचारियों के लिए मैटरनिटी और पैटरनिटी लीव के नए प्रावधानों का ऐलान किया । नई पॉलिसी के मुताबिक, राज्य सरकार की महिला कर्मचारी 180 दिनों के मैटरनिटी लीव और पुरुष कर्मचारियों को 15 दिनों का पैटरनिटी लीव के लिए पात्र होंगे। जारी किए गए नोटिफिकेशन के मुताबिक, सरोगेसी के जरिए मां बनने वाली राज्य सरकार की महिला कर्मचारी, जिसे 'कमीशनिंग मदर' कहा जाता है, 180 दिनों के मैटरनिटी लीव की हकदार होंगी। यह पॉलिसी तब तक लागू होती है, जब तक कर्मचारी के दो से कम जीवित बच्चे हों. इसी तरह, अगर सरोगेट मां राज्य सरकार की कर्मचारी है, तो वह भी पात्र होगी।

**भाजपा अध्यक्ष ने जम्मू की चुनावी सभा में विपक्षी पार्टियों पर जमकर साधा निशाना**

# जम्मू कश्मीर के लोगों ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना : नड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में बिना किसी हिंसा के शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं क्योंकि लोगों ने शांति एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है। नड्डा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कश्मीर के युवा राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल हो गये हैं और उन्होंने आतंकवाद एवं हिंसा को खारिज कर दिया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, '' यह ऐतिहासिक अवसर है जब जम्मू कश्मीर के लोगों ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है । उन्होंने गोलियों को करारा जवाब दिया है।'' वर्तमान चुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के वास्ते प्रचार करने जम्मू पहुंचे नड्डा ने कहा, ''(पिछले दो चरणों में) मतदान शांतपूर्ण संपन्न हो गया। पिछले चुनावों के विपरीत इस बार कोई हिंसा, गोलीबारी या आतंकवादी हमला नहीं हुआ। उन्होंने चुनाव को जम्मू कश्मीर में शांति एवं विकास की जीत बताया। भाजपा नेता ने कहा, ''वे राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। अनुच्छेद 370 के निरसन से पहले, हर साल 300-400 से अधिक युवा आतंकवादी संगठनों में शामिल होते थे और आतंकवादी घोषित किए जाते थे।

## दो चरण ने बताया, कश्मीरी चाहते हैं शांति और विकास



नड्डा ने कहा, '' पिछले दो चरणों में मतदान ने दिखा दिया है कि जम्मू कश्मीर के लोग शांति, स्थायित्व और विकास चाहते हैं। हम इस चुनाव को इसी तरह देख रहे हैं।'राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल होने की इच्छा को लेकर इस केंद्रशासित प्रदेश के युवाओं की तारीफ करते हुए नड्डा ने कहा, '' उन्होंने हथियार त्यागकर शांति का मार्ग चुना है। लोगों ने विकास के पक्ष में वोट डाला है।'' उन्होंने कहा कि कश्मीर के युवाओं ने आतंकवाद को

### झारखंड में भारी भ्रष्टाचार, बिना पैसे के कुछ नहीं होता : शिवराज



**रांची।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को झारखंड की झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर विभिन्न योजनाओं के लिए राज्य को भेजे गए केंद्रीय धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि मनरेगा के लिए मिले धन के उपयोग की जांच शुरू की जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार पर सीधा हमला करते हुए उसे "पेपर लीक सरकार" करार दिया और उस पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

**हमले में मारा गया कार्यकारी परिषद का प्रमुख**

# हिज्बुल्लाह के मुख्यालय पर इजराइल ने बरसाई मिसाइलें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इजराइल दक्षिणी लेबनान पर ताबड़तोड़ एयरस्ट्राइक कर रहा है। इजराइल लेबनान के उन रिहायशी इलाकों को भी निशाना बना रहा है, जहां हिज्बुल्लाह के आतंकियों ने हथियार छिपा कर रखे हैं। इजरायली आर्मी हिज्बुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर चुन-चुनकर बम बरसा रही है, जिसमें उसके कमांडर मिट्टी में मिलते जा रहे हैं। 9 दिन से जारी जंग में इजरायली हमले में लेबनान के अब तक 700 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2600 लोग घायल बताए जा रहे हैं। शुक्रवार के हमले में भी 25 लोगों की जान चली गई। इसमें हिज्बुल्लाह के कार्यकारी परिषद के प्रमुख हाशेम सफीद्दीन की भी मौत हो गई। इससे पहले गुरुवार को हमलों में इजराइल ने हिज्बुल्लाह की ड्रोन यूनिट के कमांडर मोहम्मद सरूर को ढेर कर दिया था। इस बीच शुक्रवार देर शाम (भारतीय समयानुसार) इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में एक के बाद एक कई एयरस्ट्राइक कीं. ये हमला यूएनजीसी में नेतन्याहू के भाषण के बाद हुआ है। इसे इजराइल का लेबनान में सबसे भीषण हमला माना जा रहा है। इसके चलते आसमान में धुएं के गुबार छा गए। इजराइल ने बेरूत स्थित हिज्बुल्लाह के मुख्यालय पर भी हमला किया. ये मुख्यालय एक रियाशी इमारत के नीचे था। बताया जा रहा है कि इसमें हिज्बुल्लाह चीफ नसरल्लाह ने बंकर बनाया हुआ था। पहले बताया गया था कि बंकर में नरसल्लाह हो सकता है। हालांकि सूत्रों की मानें तो हिज्बुल्लाह की तरफ से इसका खंडन कर दिया गया है।

**कांग्रेस-आप ने किया चुनाव का बहिष्कार**

# दिल्ली एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी चुनाव में भाजपा कैंडिडेट की 'निर्विरोध' जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मेयर ने 5 अक्टूबर की तारीख दी थी, एलजी ने कराए चुनाव

भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की आखिरी खाली सीट शुक्रवार को निर्विरोध जीत ली। दरअसल, सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। भाजपा के उम्मीदवार सुंदर सिंह को पार्टी के सभी 115 पार्षदों के वोट मिले, जबकि आप की निर्मला कुमारी को कोई वोट नहीं मिला। स्थायी समिति दिल्ली नगर निगम की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। इस चुनाव परिणाम के साथ, 18 सदस्यीय स्थायी समिति में भाजपा के पास अब पैनल में 10 सदस्य हैं जबकि सत्तारूढ़ आप के पास केवल आठ हैं। यह पहली बार था कि इसका चुनाव आप और कांग्रेस पार्षदों की भागीदारी के बिना हुआ। भाजपा पार्षद कमलजीत सहरावत के पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हो गई थी।

### रूस-यूक्रेन युद्ध से सबक लेते हुए लंबी दूरी की तोपों पर ध्यान केंद्रित कर रही सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच करीब ढाई साल से अधिक समय से जारी भीषण युद्ध से सबक लेते हुए भारतीय सेना अपने तोपखाने के बेड़े को मजबूती प्रदान करने के लिए लंबी दूरी तक मार करने वाली तोपों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके अलावा उसकी कोशिश आने वाले समय में ज्यादा से ज्यादा मारक हथियारों को तोपखाना रेजिमेंट में शामिल करने की है।

**15 राजग गठबंधन के पास, 9 विपक्षी खेमे में**

# खींचतान के बाद दो दर्जन संसदीय स्थायी समिति पर लगी अंतिम मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आखिरकार अगले संसदीय सत्र से पहले केंद्र सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों से जुड़ी 24 संसदीय स्थायी समितियों का गठन कर दिया है। इसमें विभिन्न दलों के सदस्यों को सांसदों के संख्या बल के हिसाब से प्रतिनिधित्व दिया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के समिति की अध्यक्षता एकबार फिर सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव को दी गई है। जब कि पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता राधामोहन सिंह को रक्षा मामलों, भर्तृहरि महताब को वित्त मामलों, राधा मोहन दास अग्रवाल को गृह मामलों और कांग्रेस नेता शशि थरूर को विदेश मामलों की समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रक्षा मामले की समिति का सदस्य बनाया गया है। जदयू को भाजपा ने अपने कोटे से एक मंत्रालय की अध्यक्षता करने की जिम्मेदारी दी है। जदयू के नेता संजय झा को पर्यटन मामलों की समिति की कमान दी गई है। विभाग संबंधी कुल 24 स्थायी समितियों में से 11 की अध्यक्षता भाजपा के सदस्यों को मिली है। चार समितियों का नेतृत्व भाजपा के सहयोगी दलों को मिला है। कांग्रेस से जुड़े नेता चार समितियों की अध्यक्षता करेंगे। दो-दो समितियों के द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अध्यक्ष होंगे और एक संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के सांसद करेंगे।

### लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य शामिल



लोकसभा की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार भाजपा नेता सीएम रमेश रेलवे, सपा नेता रामगोपाल यादव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल से जुड़ी समिति के अध्यक्ष होंगे। इनके अलावा वाणिज्य से जुड़ी समिति डोला सेन, वाणिज्य एवं उद्योग से जुड़ी समिति तिरुचि शिवा, विज्ञान प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन की समिति से भाजपा के भुवनेश्वर कलिता, परिवहन पर्यटन और संस्कृति विभाग संबंधी कुल 24 स्थायी समितियों में से 11 की अध्यक्षता भाजपा के सदस्यों को मिली है।

# किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान में बड़ी भूमिका निभा सकती है एनएसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ भारतीय मानक ब्यूरो ने राष्ट्रीय कृषि संहिता पर कार्यशाला की आयोजित

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने राष्ट्रीय कृषि संहिता (एनएसी) के विकास में तेजी लाने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की। कृषि क्षेत्र के महत्व और संसाधनों और नवीनतम प्रौद्योगिकियों के अधिकतम उपयोग को समझते हुए, ब्यूरो ने एनएसी विकसित करने का प्रस्ताव रखा जो फसल चयन से लेकर कृषि उपज के भंडारण तक सर्वोत्तम कार्य प्रणालियां सुनिश्चित करेगा। एनएसी में उभरती कृषि प्रौद्योगिकियों, नवीन कृषि पद्धतियों और भारत भर में बदलती क्षेत्रीय स्थितियों को शामिल करने की परिकल्पना की गई है। इस कोड को विकसित करते समय, जिन क्षेत्रों में मानकीकरण की कमी है, उनकी पहचान की जाएगी और उनके लिए मानक विकसित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान, नोएडा में आयोजित किया गया था, जिसमें केन्द्र और राज्य सरकारों, आईसीएआर संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और उद्योग संघों के हितधारकों ने भाग लिया।

# ब्रिटेन ने भी की भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की वकालत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने की वकालत दुनिया के कई देश कर रहे हैं। अब इस सूची में ब्रिटेन का भी नाम जुड़ गया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने के लिए अपना समर्थन दिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव जरूरी है। स्टार्मर ने कहा कि 'सुरक्षा परिषद में विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए और इसे काम करने वाला होना चाहिए न कि राजनीति की वजह से पंगु होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि 'हम चाहते हैं कि अफ्रीका को स्थायी प्रतिनिधित्व दिया जाए और साथ ही ब्राजील, भारत, जापान और जर्मनी को भी स्थायी सदस्य बनाया जाना चाहिए। निर्वाचित सदस्यों की सीटें भी बढ़ाई जानी चाहिए।'

### फ्रांस ने भी दिया समर्थन

संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने का समर्थन दिया था। अपने संबोधन में इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि 'फ्रांस, सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है और जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को भी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होना चाहिए। साथ ही अफ्रीका से भी दो देशों को इसमें प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।'

**आम सूचना**

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में सुविधा में प्रदर्शित धनराशि को चुक्ता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें ("सुविधा") उपलब्ध कराई गई। चूँकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम 08 अक्टूबर, 2024 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी ।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अंबिकापुर | |
| 042505002296 | मुंतजिर जुलाहा |
| शाखा का नाम : चिरमिरी | |
| 162505002295 | अब्दुल सफीक अंसारी |
| शाखा का नाम : घरघोड़ा, छत्तीसगढ़ | |
| 372205001302 | विजय कुमार राठिया |
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108505010616 | कामिनी यादव |
| शाखा का नाम : कोंडागांव, छत्तीसगढ़ | |
| 328105005113 | बलदेव मानिकपुरी |
| 328105003200 | जगदीश पोयाम |

दिनांक : 28 .09 .2024
स्थान : कोण्डागांव, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, रायगढ़, सरगुजा, बस्तर

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
ई-मेल: mandi.durg.cg@gmail.com

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांक/ मंडी/ निर्माण / दुर्ग / 2024-25 / 910 दुर्ग.दिनांक- 27/09/2024

**-:: मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति - दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.) के अंतर्गत निम्न दर्शित निर्माण कार्य / स्थल एवं कार्य के सम्मुख दर्शित लागत अनुसार कार्य कराये जाने हेतु **छ.ग. लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत** सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक से चार लिफाफा पद्धति से दिनांक- 08.11.2024 को सायं 05.30 बजे तक छ.ग. शासन **लो.नि.वि. भवन / सड़क कार्य हेतु दिनांक- 01.01.2015 से एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015** से प्रभावशील एसओआर एवं इस निविदा के जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर निविदा प्रपत्र - अ (प्रतिशत दर) में सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति-दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ इस कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों / प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक - 13.11.2024 को दोपहर 02.00 बजे खोली जावेगी।

**1 - निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 28.10.2024 को सायं 05.30 बजे तक**
**2- निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि : - 08.11.2024 को सायं 05.30 बजे तक**
**3 - निविदा प्रपत्र खोले जाने की प्रारंभिक तिथि :- 13.11.2024 को दोप. 02.00 बजे से**

निर्माण कार्यों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | निर्माण कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख मे) | अमानत की राशि लाख रू.में | ठेकेदार की श्रेणी | समयावधि (वर्षातऋतु सहति) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वि.ख. धमधा ग्राम चीचा में पुल पुलिया निर्माण नाला में शिव कोकड़ी मार्ग जग जीवन वर्मा के ब्यारा | 18.51 | 13900/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 2 | वि.ख. धमधा ग्राम सेवती में सी.सी. रोड निर्माण घनश्याम ताम्रकर के घर से शंकर मंदिर तक | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 3 | वि.ख. धमधा ग्राम चीचा में सी.सी. रोड निर्माण गज्जू वर्मा के घर से रोहित साहू के घर तक | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 4 | वि.ख. धमधा ग्राम भिलौरी में सी.सी. रोड निर्माण प्राथमिक शाला से प्रेमशंकर के घर तक | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 5 | वि.ख. धमधा ग्राम खर्रा में सी.सी. रोड निर्माण भोला शर्मा के घर से पंचायत भवन तक | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 6 | वि.ख. धमधा ग्राम बड़े पुर्दा में सी.सी. रोड निर्माण शंकर साहू घर से पंचायत भवन तक | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 7 | वि.ख. धमधा ग्राम हसदा में सी.सी. रोड निर्माण रामलाल घर से पंचायत भवन तक | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 8 | वि.ख. धमधा ग्राम परसकोल में सी.सी. रोड निर्माण थनवर लोधी के घर से रामगुलाल के दुकान तक | 6.49 | 4900/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 9 | वि.ख. धमधा ग्राम टेमरी में सी.सी. रोड निर्माण रवीराम सतनामी के घर से हेमकांत बारले के दुकान तक | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 10 | वि.ख, धमधा ग्राम सेम्हरिया में व्यावसायिक परिसर निर्माण 07 दुकान | 16.09 | 12100/- | "द" एवं उच्च | 06 माह | 1000/- |
| 11 | वि.ख. धमधा ग्राम लिटिया में व्यावसायिक परिसर निर्माण 05 दुकान | 11.49 | 8700/- | "द" एवं उच्च | 06 माह | 1000/- |
| 12 | वि.ख. धमधा ग्राम चीचा में व्यावसायिक परिसर निर्माण 05 दुकान | 11.49 | 8700/- | "द" एवं उच्च | 06 माह | 1000/- |
| 13 | वि.ख. धमधा ग्राम छोटे पुर्दा में सी.सी. रोड निर्माण मेन रोड से तालाब तक | 19.83 | 14900/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 14 | वि.ख. धमधा ग्राम सुखरीकला में सी.सी. रोड निर्माण दुर्गा चौक पर | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 15 | वि.ख. धमधा ग्राम अरसी में सी.सी. रोड निर्माण बाजार चौक पर | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 16 | वि.ख. धमधा ग्राम अकोली में सी.सी. रोड निर्माण शितला मंदिर के पास | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 17 | वि.ख. धमधा ग्राम रौंदा में सी.सी. रोड निर्माण बाजार चौक से अकलहा बांधे के घर तक | 19.83 | 14900/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 18 | वि.ख. धमधा ग्राम मड़ियापार में सी.सी. रोड निर्माण बाजार चौक पर | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 19 | वि.ख. धमधा ग्राम देवरी में व्यावसायिक परिसर निर्माण 05 दुकान | 11.49 | 8700/- | "द" एवं उच्च | 06 माह | 1000/- |
| 20 | वि.ख. धमधा ग्राम हिरेतरा में सी.सी. रोड निर्माण बाजार चौक पर | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 21 | वि.ख. धमधा ग्राम दानीकोकड़ी में सी.सी. रोड निर्माण वार्ड क्रमांक 01 से 02 तक | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 22 | वि.ख. धमधा ग्राम साल्हेखुर्द में सी.सी. रोड निर्माण शीतला मंदिर के पास | 7.21 | 5500/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 23 | वि.ख. धमधा ग्राम घुमा (घोटवानी) में सी.सी. रोड निर्माण छन्नू वर्मा के घर से संजय भार्मा के घर तक | 10.82 | 8200/- | "द" एवं उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 24 | वि.ख. धमधा ग्राम हिर्री में डोम सेट मंच निर्माण बाजार चौक पर | 10.57 | 8000/- | "द" एवं उच्च | 04 माह | 1000/- |
| 25 | वि.ख. धमधा ग्राम करेली (गाड़ाडीह) में डोम सेट मंच निर्माण | 10.57 | 8000/- | "द" एवं उच्च | 04 माह | 1000/- |

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये वैद्य पंजीयन, श्रम कल्याण मंडल (ई.पी.एफ) का पंजीयन प्रमाण पत्र (निविदा जारी होने माह के पिछले लगातार तीन माह के जमा किये गये चलान की प्रति), बैंक साल्वेंसी (एक साल से पुराना न हो एवं अनुमानित लागत का 15 प्रति की मूल्य का), जी. एस. टी. पंजीयन, पेन कार्ड की मूल प्रति अवलोकनार्थ तथा आवेदन सहित समस्त दस्तावेजों की नोटरी से सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करने के उपरांत दिनांक-28.10.2024 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क रूपये 1000/- की नगद राशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।
2. अमानत की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर. / टी.डी.आर. या डाक विभाग द्वारा जारी एन.एस.सी. के रूप में **''सचिव कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग''** जिला-दुर्ग के नाम से देय ही स्वीकार्य होगी।
3. अन्य शर्तें एवं निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय में दिनांक - 28.10.2024 तक देखे / प्राप्त किये जा सकते है, जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है।
4. इस आमंत्रित निविदा अनुसार उपरोक्य कार्यो के लिए निविदा दर प्रस्तुतीकरण के संदर्भ में लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन का परिपत्र क्रमांक - 625/3675/टी /11/19/ निविदा रायपुर दिनांक – 05.03.2011 द्वारा प्रभावशील नियम लागू / प्रभावशील है ।
5. उपरोक्त कार्य हेतु यदि निविदाकार द्वारा लागू दर/ दर अनुसूची में 10 प्रतिशत से कम दर कोट किया जाता है तो निविदा हेतु स्पेशल शर्ते लागू होगी। तदानुसार अंतर की राशि **''सचिव कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग''** के नाम एफ.डी.आर. के रूप में अनुबंध निष्पादन के पूर्व जमा करना होगा । शर्तें की प्रति निविदाओं के साथ प्रदाय की जायेगी।
6. लिफाफा - "अ" में ई. एम.डी. एवं शपथपत्र, लिफाफा - "ब" में समस्त दस्तावेजों (वैद्य पंजीयन, श्रम कल्याण मंडल (ई.पी.एफ) का पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक साल्वेंसी, जी.एस.टी. पंजीयन, पेन कार्ड) की मूलप्रति की छायाप्रति, लिफाफा - "स" में निविदा प्रपत्र एवं लिफाफा - "द" में लिफाफा–"अ","ब" एवं "स" को भरकर प्रस्तुत किया जायेगा तथा लिफाफा - "द" में कार्य क्रमांक एवं कार्य का नाम का स्पष्ट उल्लेख करें।

सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति दुर्ग, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मण्डी समिति दुर्ग, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

S-41588/1

**अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग, कोनी, बिलासपुर (छ.ग.) पिन- 495009,
वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in,
ईमेल-आईडी- registrar@bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 908 /स्था. प्रशा./2024 बिलासपुर, दिनांक 18.09.2024

**// विज्ञापन //**

विज्ञापन क्रमांक/459/Estt.Admn/Rec./2024, दिनांक 14.06.2024, शुद्धि-पत्र क्रमांक/538/स्था.प्रशा./2024 दिनांक 05/07/2024, शुद्धि-पत्र क्रमांक/698/स्था. प्रशा. /2024 दिनांक 03/08/2024, एवं विज्ञापन क्रमांक/856/स्था. प्रशा./2024 दिनांक 05/09/2024 द्वारा शिक्षकीय पदों के लिए विज्ञापन जारी करते हुए दिनांक 16/09/2024 सायं 5:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे। निम्नांकित वर्णित पदों (1.) प्राध्यापक, संगणक विज्ञान- (अजजा.-01), खाद्य प्रसंस्करण (पिछड़ा वर्ग-01), सुक्ष्मजीव विज्ञान- (अजजा. -01) (2.) सह-प्राध्यापक, खाद्य प्रसंस्करण (अजा-01 अजजा-01), सुक्ष्मजीव विज्ञान- ( पिछड़ा वर्ग -01) (3.) सहायक प्राध्यापक खाद्य प्रसंस्करण (अजजा-01), होटल प्रबंधन (अजा.-01, अजजा-01) के लिये तिथि में वृद्धि करते हुये दिनांक 15/10/2024 सायं 5:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। जिनके द्वारा आवेदन पूर्व में जमा किये गये है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। आवेदन फार्म के नियम शर्तों एवं अन्य जानकारी पूर्ववत रहेंगी। जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in का अवलोकन करें।

S-41581/1 कुलसचिव

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

निविदा रद्द करने के संबंध में

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सं0:- LAB/DWSD/10/2024-25 दिनांक- 13/09/2024 (प्रथम आमंत्रण) जिसका **PR No.** 336094 (Drinking Water & Sanitation)2024-25 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची

PR 337338 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग. (जोन क्र. 8)**

क्रमांक 28/ न.पा.नि./ जोन क्र.- 8 / 2024 रायपुर, दिनांक 27/09/24

**// निविदा संशोधन सूचना //**

नगर निगम जोन क्रमांक- 8 द्वारा जारी निविदा क्रं. 27 दिनांक 24.09.2024 को जारी किया गया था। उक्त निविदा में दिनांक को निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| क्रं. | विवरण | पूर्व निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की तिथि | 18.09.2024 | 18.10.2024 |
| 2 | निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की तिथि | 18.08.2024 | 24.09.2024 |

शेष नियम व शर्ते यथावत रहेगी।

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देंवें।

जोन आयुक्त
जोन क्र. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्रमांक संख्या (5) निविदा संख्या-एस.ई.सी.आर मुख्यालय इंजी. बी.एल.-24-25-14

कार्य:- नागपुर मंडल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल) / नैनपुर के अधिकार क्षेत्र में पुलों के विविध रखरखाव का कार्य जैसे थ्रु/पेंच पेंटिंग, इपॉक्सी ग्राउटिंग एवं क्षतिग्रस्त मेम्बर का प्रतिस्थापन का कार्य। **अनुमानित लागत रु. 42,24,804.15 प्रतिभूति राशि रू. 84,500/-** बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथि 17/09/2024 निविदा की अंतिम तिथि समय दिनांक 01/10/2024 को 16:30 बजे ।

क्रमांक संख्या (6) निविदा संख्या-एस.ई.सी. आर. मुख्यालय इंजी-बी एल-24-25-15

कार्य:- बिलासपुर मंडल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल) / शहडोल के अधिकार क्षेत्र में पुलों के विविध रखरखाव का कार्य जैसे थ्रु/पेंच पेंटिंग, ग्रीसिंग, इपॉक्सी ग्राउटिंग एवं क्षतिग्रस्त मेम्बर का प्रतिस्थापन का कार्य। **अनुमानित लागतः- रू. 72,44,988.04 प्रतिभूति राशि रू. 1,44,900/-** बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथि-17/09/2024, निविदा की अंतिम तिथि समय-दिनांक 01/10/2024 को 16:30 बजे।

क्रमांक संख्या (7) निविदा संख्या-एस.ई.सी.आर. मुख्यालय इंजी-बी.एल.-24-25-16

कार्य:-दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/बिलासपुर में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल)/रायपुर, गोंदिया एवं शहडोल के अधिकार क्षेत्र में नामांकित स्थानों पर 3000 नम्बर सी सी क्रिब्स का निर्माण आपूर्ति और प्लेसमेंट का कार्य। **अनुमानित लागतः- रु. 6,29,28,737.70 प्रतिभूति राशि रु.4,64,700/-**बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथि-17/09/2024, निविदा की अंतिम तिथि समय दिनांक 01/10/2024 को 16:30 बजे ।

उपरोक्त कार्य की आवश्यक एवं पूर्ण जानकारी उप मुख्य अभियंता पुल/मुख्यालय कार्यालय या www.ireps.gov.in वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।

उप मुख्य अभियंता पुल/मुख्यालय
द.पू.मध्य रेलवे,बिलासपुर

सीपीआर/10/244/अ

South East Central Railway @secrail

# अब सॉवरेन गोल्ड बांड पर जरूरत के हिसाब से होगा फैसला, आया नया अपडेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम को बंद किए जाने के कयासों के बीच सरकार की ओर से नया अपडेट आया है। सरकार का कहना है कि सॉवरेन गोल्ड बांड की अगली किस्त का फैसला बाजार के हिसाब से होगा।

■ सरकार अगली किस्त का फैसला बाजार के हिसाब से करेगी

अगर बाजार में डिमांड होगी, तभी सरकार सॉवरेन गोल्ड बांड की नई किस्त लाएगी। सरकार सॉवरेन गोल्ड बांड की नई किस्त लाने से पहले बाजार की स्थितियों और जरूरतों का आकलन करेगी। एक रिपोर्ट में वित्त मंत्रालय के एक सूत्र के हवाले से कहा गया है- यह कोई सोशल सिक्यारिटी स्कीम नहीं है। इसमें बॉरोइंग कॉस्ट सबसे ज्यादा है। ऐसे में नई किस्त लाने से पहले बाजार की स्थितियों और जरूरतों की समीक्षा की जाएगी।

## सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम को बंद करने के कयास के बीच नया अपडेट

### साल 2015 में हुई थी स्कीम की शुरुआत

सॉवरेन गोल्ड बांड की शुरुआत साल 2015 में की गई थी। सरकार ने इस स्कीम को मुख्य रूप से सोने के आयात पर लगाम लगाने के लिए शुरू किया था। सरकार की ओर से भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई सॉवरेन गोल्ड बांड जारी करता है। निवेशकों खास तौर पर गोल्ड में निवेश करने वालों के लिए यह पसंदीदा विकल्प बनकर उभरा है। हालांकि अब अगर इसे बंद किया जाता है तो स्कीम अपनी शुरुआत के 10 साल भी पूरे नहीं कर पाएगी।




### बांड के लोकप्रिय होने का कारण

सॉवरेन गोल्ड बांड की लोकप्रियता का कारण निवेशकों को उससे होने वाले कई लाभ हैं। मार्केट में भाव में आ रही तेजी के हिसाब से एसजीबी के निवेश की वैल्यू भी बढ़ती है। उसके अलावा निवेशकों को हर साल 2.5 फीसदी के ब्याज से कमाई होती है। गोल्ड बांड मैच्योर होने पर मिलने वाली रकम पूरी तरह से टैक्स-फ्री होती है। निवेशकों को ऑनलाइन बांड खरीदने पर 50 रुपए प्रति ग्राम की छूट भी मिलती है। यह फिजिकल गोल्ड के मामले में मेकिंग चार्ज, स्टोरेज और मिलावट आदि जैसे झंझटों को भी दूर करता है।

### स्कीम को बंद करने के लग रहे कयास

सरकार की ओर से यह अपडेट ऐसे समय आया है, जब पिछले महीने से सॉवरेन गोल्ड बांड को बंद किए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। पिछले महीने एक रिपोर्ट में दावा किया था कि भारत सरकार सॉवरेन गोल्ड बांड को डिसकंटीन्यू कर सकती है। रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया गया था कि सरकार इस स्कीम को महंगा और जटिल मान रही है। इसी कारण सॉवरेन गोल्ड बांड को बंद करने पर विचार किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### एनबीसीसी को ट्रिप्पल आईटी नागपुर का निर्माण ठेका मिला



**नई दिल्ली।** एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को नागपुर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। नागपुर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के निर्माण तथा विकास के लिए एक परियोजना का ठेका मिला है।''

### सिस्को ने चेन्नई में विनिर्माण संयंत्र का किया उद्घाटन




**चेन्नई।** सिस्को ने भारत में अपनी पहली विनिर्माण सुविधा का चेन्नई में शुक्रवार को उद्घाटन किया। कंपनी ने कहा, इस रणनीतिक निवेश से कंपनी संयुक्त निर्यात और घरेलू उत्पादन से सालाना 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का उत्पादन करेगी। इस संयंत्र से तमिलनाडु में 1,200 नौकरियां उत्पन्न होने की उम्मीद है।

### जेनसोल इंजीनियरिंग के प्रवर्तक ने हिस्सेदारी बढ़ाई




**नई दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग ने घोषणा की कि उसके प्रवर्तक तथा प्रबंध निदेशक अनमोल जग्गी ने खुले बाजार परिचालन के जरिये अतिरिक्त शेयर खरीदकर कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली है। प्रवर्तकों में से एक अनमोल सिंह जग्गी ने खुले बाजार परिचालन के जरिये कंपनी के 12,000 शेयर का अधिग्रहण कर कंपनी में अधिक निवेश किया है।

### स्पाईजेट ने बकाया 145 करोड़ जीएसटी का किया भुगतान




**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी विमान कंपनी स्पाइसजेट ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपना माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का पूरा बकाया चुका दिया है। स्पाइसजेट पर 145 करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी बकाया था। उसने पिछले सप्ताह पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये जुटाए थे।

### ऑथम व माही मिलकर प्रताप स्नैक्स में खरीदेंगे हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर और माही मधुसूदन केला मिलकर प्रताप स्नैक्स में 46.85 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेंगे। वीट स्नैक्स ब्रांड रिच फीस्ट का परिचालन करती है। कंपनी ने अपने तीन निजी इक्विटी प्रवर्तकों से 846.60 करोड़ रुपये के सौदे में 46.85 प्रतिशत शेयर हासिल करने के लिए प्रवर्तकों के साथ शेयर खरीद समझौता किया है।

### सीक्वेंट साइंटिफिक व वियाश ने की विलय की घोषणा

Sequent
SERVING FOR ANIMAL CARE

**नई दिल्ली।** सीक्वेंट साइंटिफिक और वियाश लाइफसाइंसेज ने शुक्रवार को विलय की घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर पशु स्वास्थ्य बाजार में नेतृत्व हासिल करना है। वियाश की परिचालन क्षमताओं के साथ विलय से संयुक्त इकाई का आकार महत्वपूर्ण रूप से बढ़ेगा। इसकी अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) क्षमताओं में वृद्धि होगी, इसकी आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी तथा संयुक्त इकाई उच्च वृद्धि वाले औषधि बाजारों में अग्रणी बनने की स्थिति में होगी।

## वित्तीय समस्याओं से घिरी है आरआईएनएल

# आरआईएनएल को बचाने के लिए सरकार 'सेल' के साथ विलय पर कर रही विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्तीय समस्याओं से घिरी इस्पात विनिर्माता आरआईएनएल को संकट से उबारने के लिए सरकार सार्वजनिक इस्पात कंपनी सेल के साथ उसके विलय की संभावना पर गौर कर रही है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि आरआईएनएल के आंध्र प्रदेश स्थित संयंत्र में परिचालन कायम रखने के लिए पूंजी मुहैया कराने के वास्ते एनएमडीसी को जमीन बेचने के अलावा बैंक ऋण जैसी योजनाओं पर भी काम किया जा रहा है।

### एसबीआई ने दिया खासा कर्ज

हाल ही में आरआईएनएल के मुद्दे पर वित्तीय सेवाओं के सचिव, इस्पात सचिव और सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक एसबीआई के शीर्ष अधिकारियों की एक बैठक भी हुई। गौरतलब है कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आरआईएनएल को खासा कर्ज दिया हुआ है।

### विनिवेश को सैद्धांतिक मंजूरी

श्रमिक संगठनों का मानना है कि दूसरे प्राथमिक इस्पात निर्माताओं की तरह आरआईएनएल को कभी भी निजी उपभोग वाली लौह अयस्क खदानों का लाभ नहीं मिला जो कि आरआईएनएल के समक्ष मौजूद संकट का प्रमुख कारण है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने जनवरी, 2021 में निजीकरण के जरिये आरआईएनएल में सरकारी हिस्सेदारी के 100 प्रतिशत विनिवेश को 'सैद्धांतिक' मंजूरी दी थी।

### कंपनी का कुल बकाया 35,000 करोड़

इस्पात मंत्रालय के एक दस्तावेज के मुताबिक, आरआईएनएल गंभीर वित्तीय संकट में होने की वजह से अपनी न्यूनतम क्षमता पर चल रहा है और लगातार घाटे का सामना कर रहा है। इसका कुल बकाया 35,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।



### सरकार स्थायी समाधान निकालना चाह रही

सूत्रों ने कहा, ''सरकार इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकालना चाहती है। जिन विकल्पों पर चर्चा की जा रही है उनमें से एक विकल्प आरआईएनएल का सेल के साथ विलय भी है।'' इस्पात मंत्रालय के अधीन संचालित राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 75 लाख टन क्षमता वाले इस्पात संयंत्र का संचालन करती है।

■ संकट से उबारने विलय की संभावना तलाशी जा रही

■ आरआईएनएल का संयंत्र आंध्रप्रदेश में कार्यरत है

### सेल का नियंत्रण भी इस्पात मंत्रालय के पास

देश की प्रमुख इस्पात उत्पादक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का नियंत्रण भी इस्पात मंत्रालय के पास है। आरआईएनएल के परिचालन के लिए पूंजी की व्यवस्था करने पर भी विचार किया जा रहा है। इसके अलावा वित्तीय सहायता के लिए ऋणदाताओं से बातचीत करने और एनएमडीसी को पेलेट संयंत्र लगाने के लिए 1,500-2,000 एकड़ जमीन बेचने जैसे उपायों पर भी गौर किया जा रहा है।

### विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना

इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि सरकार विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के एक और दौर पर काम कर रही है, क्योंकि इसके पहले दौर की प्रतिक्रिया उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही। मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के इस्पात शिखर सम्मेलन 2024 में यह बात कही।

### अब तक 2600 करोड़ आवंटित

कार्यक्रम के सचिव ने कहा कि सरकार ने विशेष इस्पात के लिए 6,400 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना शुरू की थी, जिसमें से केवल 2,600 करोड़ रुपये ही आवंटित किए जा सके। विशेष इस्पात का इस्तेमाल रक्षा, मोटर वाहन और विद्युतीय आदि क्षेत्रों में किया जाता है।

*पीएलआई योजना का एक और दौर*

*पौंड्रिक ने कहा कि विशेष इस्पात अब भी एक ऐसा क्षेत्र है जहां और अधिक काम करने की जरूरत है। सरकार इसको प्रोत्साहित करने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लाई, लेकिन इसका उठाव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। उन्होंने कहा, '' इसलिए हम पीएलआई का एक और दौर ला रहे हैं ताकि हमें विशेष इस्पात कारोबार में अधिक रुचि मिल सके।''*

# केंद्र दूरसंचार उपकरण विनिर्माण क्षेत्र की स्थापना कर रहा: सिंधिया

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार देश में दूरसंचार उपकरण विनिर्माण क्षेत्र स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

■ क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ने की उम्मीद

केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों के दौरान 1.28 लाख करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात किए हैं। पहले भारत में ज्यादातर मोबाइल फोन आयात किए जाते थे और निर्यात केवल 1,500 करोड़ रुपये का था। सिंधिया ने कहा, ''हम दुनिया में मोबाइल फोन के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक बन गए हैं। आज 30 करोड़ मोबाइल फोन भारत में तैयार किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन का मूल्यवर्धन 20 प्रतिशत बढ़ा है और ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि हमारी सरकार ने एफडीआई मानदंड बदल दिए हैं। मंत्री ने कहा कि भारत में करीब 98 अरब अमेरिकी डॉलर का एफडीआई था और पिछले 10 वर्षों में हमने 60 प्रतिशत की वृद्धि करके 160 अरब डॉलर कर दिया है।



### सिस्को के संयंत्र का उद्घाटन

सिंधिया तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा के साथ अमेरिकी नेटवर्क उपकरण विनिर्माता सिस्को के पहले विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर यहां आए थे।

### 4जी ढांचा बनाने वाला भारत दुनिया का छठवां देश

सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सरकारी स्वामित्व वाली भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा के आधार पर अपनी 4जी सेवाएं स्थापित करने का जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा, ''हम अपना 4जी दूरसंचार ढांचा बनाने वाले दुनिया के छठे देश हैं और हम अगले साल के मध्य तक एक लाख टावर लगा देंगे। 2025 के मध्य तक हम पूरे भारत में 4जी प्रसार सुनिश्चित कर लेंगे।''

# सोना तीसरे दिन भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 50 रुपये की तेजी के साथ एक नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा कारोबारी सत्र है जब सोने में तेजी रही।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 50 रुपये बढ़कर 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के ताजा उच्च स्तर पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को सोना 78,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का विनिर्माताओं की ताजा मांग के कारण चांदी भी 500 रुपये उछलकर 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबार में यह 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बाजार सूत्रों ने कहा कि त्योहारों और शादी-ब्याह की मांग को पूरा करने के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ओर से बढ़ी खरीदारी तथा विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के कारण सोने की कीमतें इस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।



■ चांदी में 500 रुपए की तेजी

■ सोना 50 रुपए बढ़कर 78 .300 रुपए प्रति दस ग्राम

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस रुख के कारण भी सर्राफा कीमतों में तेजी आई कि वे इस साल ब्याज दर में कटौती की आक्रामक गति बनाए रखेंगे।

### सोने के वायदा कारोबार में गिरावट

इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में अक्टूबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंधों की कीमत 181 रुपये की गिरावट के साथ 75,206 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। दिसंबर डिलीवरी वाले चांदी अनुबंधों की कीमत 142 रुपये की गिरावट के साथ 92,522 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

## ओला के इलेक्ट्रिक स्कूटर को मिला पीएलआई प्रमाणन ...



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक के इलेक्ट्रिक स्कूटर एस1 एक्स 2केडब्ल्यूएच को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत पात्रता आवश्यकताओं के तहत अनुपालन प्रमाणपत्र मिल गया है। ओला इलेक्ट्रिक ने बयान में कहा, इसके साथ ही कंपनी के पास अब दोपहिया वाहनों में पांच उत्पाद हैं जो पीएलआई योजना के तहत प्रमाणित हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, '' ..उत्पाद के लिए पीएलआई प्रमाणन प्राप्त करना हमारी एकीकृत विनिर्माण शक्ति की पुष्टि करता है, जो भारत के इलेक्ट्रिक वाहन लक्ष्य को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।''प्रवक्ता ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी मोटर वाहन पीएलआई योजना एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम रही है। स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ाने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और व्यापक आर्थिक वृद्धि हासिल करने में कंपनियों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया है।

# एश्योरेंस इंटरनेशनल दो साल में 2,000 लोगों को देगी नौकरी

■ कंपनी वाहनों के लिए कल-पुर्जे बनाती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ASSURANCE

वाहनों के कल-पुर्जे बनाने वाली कंपनी एश्योरेंस इंटरनेशनल अपनी वृद्धि रणनीति के तहत अगले दो साल में भारत में 2,000 लोगों को नियुक्त करने की योजना बना रही है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि वह विभिन्न वैश्विक ब्रांड के लिए लाइसेंस प्राप्त उत्पादों की बिक्री बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि भर्ती अभियान भारत के प्रमुख क्षेत्रों में शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने पर केंद्रित होगा। इसमें इंजीनियरिंग, बिक्री, ग्राहक सहायता और संचालन में विविध अवसर प्रदान किए जाएंगे।

*कंपनी में वर्तमान में 500 कर्मचारी कार्यरत*

*लुब्रिकेंट्स, बैटरी, फिल्टर और अन्य कलपुर्जों का विनिर्माण और विपणन करने वाली गुरुग्राम की कंपनी के कर्मचारियों की संख्या करीब 500 है। यह भर्ती पहल तेजी से विकसित हो रहे वाहन खंड में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए एश्योरेंस इंटरनेशनल की दीर्घकालिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक है।*

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 692 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर की नयी ऊंचाई पर जा पहुंचा था।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 72.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 63.61 अरब डॉलर रहा।



■ समाप्त सप्ताह में भंडार में 2.84 अरब डॉलर बढ़ी

*आरक्षित भंडार में गिरावट*

*विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 12.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.54 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 6.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.46 अरब डॉलर रहा।*

## बिजनेस साइट

# एलन टैलेंटेक्स में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 2 अक्टूबर

**कोटा।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में देश की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए टैलेंटेक्स-2025 परीक्षा अक्टूबर माह में आयोजित होने जा रही है। परीक्षा के लिए बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स आवेदन कर रहे हैं। परीक्षा में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 2 अक्टूबर रखी गई है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से इस वर्ष 11वें एडिशन के रूप में टैलेंटेक्स-2025 ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में होगी। इस परीक्षा में मोबाइल से भी यह परीक्षा दी जा सकेगी। इस परीक्षा में शामिल होकर स्टूडेंट्स कोचिंग शुल्क में रियायत पाकर सपने पूरे कर सकते हैं। शुरुआत से अब तक एलन टैलेंटेक्स में 14.75 लाख स्टूडेंट्स शामिल हो चुके हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में होने वाली इस परीक्षा में कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स शामिल हो सकते हैं। ऑनलाइन एग्जाम 5 से 20 अक्टूबर के मध्य विभिन्न स्लॉट में परीक्षा होगी। वहीं ऑफलाइन परीक्षा 13 एवं 20 अक्टूबर को होगी। नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। टैलेंटेक्स ऑफलाइन में 4750 कैश प्राइज तथा ऑनलाइन में 10500 कैश प्राइज दिए जाएंगे। इसके साथ ही एलन क्लास रूम एवं डिजिटल कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।

■ मोबाइल से भी दी जा सकती है परीक्षा

## सीएसडीएल की नई व्यवस्था 1 अक्टूबर से लागू होगी

# अब स्टॉक बेचने पर देना होगा केवल 3.5 रुपए का टैरिफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आप शेयर बाजार में ट्रेड या निवेश करते हैं तो आपके लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीएसडीएल) ने एक नए यूनिफॉर्म टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। यह नई व्यवस्था 1 अक्टूबर से लागू हो जाएगी।

■ 13 करोड़ से अधिक निवेशकों को होगा फायदा

एक और खास बात यह है कि इस नए टैरिफ स्ट्रक्चर में भी कुछ डिस्काउंट लागू रहेंगे। सीडीएसएल ने प्रति डेबिट लेनदेन 3.50 रुपए का यूनिफॉर्म टैरिफ पेश किया है। नया टैरिफ शेयरों से जुड़े सभी डेबिट लेनदेन पर लागू होगा। पहले सीडीएसएल प्रति डेबिट ट्रांजेक्शन 3.75 रुपए से 5.5 रुपये तक चार्ज करता था।

### डीमैट से शेयर बेचे जाने पर लगता है

सीडीएसएल जैसी डिपॉजिटरी द्वारा लेनदेन कॉस्ट वह शुल्क है जो डीमैट अकाउंट से शेयर बेचे जाने पर लिया जाता है। सीडीएसएल एशिया की एकमात्र लिस्टेड डिपॉजिटरी सर्विस है, जिसका मार्केट कैप लगभग 31,300 करोड़ रुपए है। पिछले एक साल में इसके शेयर की कीमत 125 प्रतिशत बढ़ चुकी है। बीएसई से लिस्ट सीडीएसएल के पास 13 करोड़ से अधिक निवेशक हैं।



### ट्रेडिंग की सुविधा

सीडीएसएल इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर, बांड और म्यूचुअल फंड जैसी सिक्योरिटीज को रखने और उनका ट्रेडिंग करने की सुविधा प्रदान करता है। सीडीएसएल ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि यह घोषणा सेबी के 'टू टू लेबल' सर्कुलर के अनुरूप है और इसका उद्देश्य निवेशकों के लिए लेनदेन कॉस्ट को सरल बनाना है।

### महिलाओं को 0.25 की अतिरिक्त छूट मिलेगी

हालांकि, सीडीएसएल कुछ छूट देना जारी रखेगा और उसमें महिला डीमैट अकाउंट होल्डर्स (सोलो या फर्स्ट होल्डर्स के रूप में) द्वारा किए गए डेबिट लेनदेन के लिए 0.25 रुपए की छूट और म्यूचुअल फंड, बांड आईएसआईएन (इंटरनेशनल सिक्यूरिटी आईडेंटिफिकेशन नंबर) में लेनदेन के लिए 0.25 रुपए की छूट है। सीडीएसएल भारतीय इक्विटी बाजार में डिपॉजिटरी सर्विसेज मुहैया करवाता है। यह इलेक्ट्रॉनिक रूप में सिक्योरिटिज को रखने और ट्रांसफर करने की सुविधा प्रदान करता है।

# उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में 30 को डायबिटिक फुट क्लिनिक का आयोजन

**रायपुर।** उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में 30 सितंबर को डायबिटिक फुट क्लिनिक का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष क्लिनिक का संचालन डायबिटिक फुट विशेषज्ञ डॉ. विनोद सिंह के नेतृत्व में किया जाएगा, जो मधुमेह से पीड़ित मरीजों के पैरों से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्रदान करेंगे। क्लिनिक का समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। इस आयोजन के दौरान डायबिटिक फुट की जांच, जो आमतौर पर 10,000 रुपए की होती है, निशुल्क उपलब्ध होगी। इसके साथ ही डायबिटिक मरीजों के लिए विशेष फुटवियर भी उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि पैरों से जुड़ी समस्याओं में राहत मिल सके। डायबिटिक फुट के प्रमुख प्रकार जैसे अल्सर, संक्रमण, गैंग्रीन, न्यूरोपैथी और आर्थराइटिस से ग्रस्त मरीजों के लिए विशेष उपचार और परामर्श प्रदान किया जाएगा। क्लिनिक में उन्हीं मधुमेह रोगियों को बुलाया जा रहा है, जिन्हें पैरों में दर्द, जलन, घाव, गैंग्रीन या न्यूरोपैथी जैसी समस्याएं हैं। डायबिटिक फुट से पीड़ित मरीजों को क्लिनिक में आमंत्रित किया गया है, और सलाह दी गई है कि वे अपनी मेडिकल जानकारी और दवाओं से संबंधित दस्तावेज लेकर आएं।



## खबर संक्षेप



### स्पिन खेलने वाली टीम बनेगी वर्ल्ड चैंपियन

**नई दिल्ली।** चार बार की आईसीसी टी20 विश्व कप विजेता आस्ट्रेलियाई स्पिनर जेस जोनासेन का मानना है कि यूएई की पिचों की जानकारी नहीं होने से आस्ट्रेलिया के लिए आगामी टी20 महिला विश्व कप चुनौतीपूर्ण होगा और स्पिन को बेहतर खेलने वाली टीम ही जीतेगी। आस्ट्रेलिया महिला टी20 विश्व कप की सबसे सफल टीम रही है जिसने आठ में से छह बार खिताब जीता है। टी20 विश्व कप तीन अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा।

### भारत का सेमीफाइनल में नेपाल से होगा सामना



**थिम्पू।** आत्मविश्वास से भरी भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम शनिवार को यहां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारतीय टीम को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखने की उम्मीद है जिसने बांग्लादेश को 1-0 और मालदीव को 3-0 से शिकस्त दी तथा ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। नेपाल ने भूटान के खिलाफ अपने अंतिम मैच में आखिर में किए गोल की बदौलत जीत हासिल कर ग्रुप बी तालिका में पाकिस्तान के बाद दूसरा स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### शेरिडन और एजेनबैग होंगी मैदानी अंपायर



**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया की एलोइस शेरिडन और दक्षिण अफ्रीका की लॉरेन एजेनबैग को अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के भारत-पाकिस्तान मैच के लिए मैदानी अंपायर नियुक्त किया गया है। वेस्टइंडीज की जैकलीन विलियम्स छह अक्टूबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाने वाले इस अहम मैच की टेलीविजन अंपायर होंगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को तीन से 20 अक्टूबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए मैच अधिकारियों की सूची जारी की। भारत की ओर से जीएस लक्ष्मी मैच रेफरी, जबकि वृंदा राठी अंपायरिंग की भूमिका में होंगी।

### एआईटीए अध्यक्ष जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

**कानपुर।** अखिल भारतीय टेनिस महासंघ से सम्बद्ध आठ राज्य टेनिस संघों ने अध्यक्ष अनिल जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रस्ताव रखते हुए 28 सितंबर को नई दिल्ली में एक 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग' बुलाई है। एआईटीए की ईजीएम उसी दिन बुलाई गई है जिस दिन उसे अपनी वार्षिक आम बैठक के आयोजन के साथ चुनाव कराने हैं।

# बारिश का खलल... अश्विन एशिया के किंग, झटका 420वां विकेट

- बांग्लादेश ने 107 पर गंवाए 3 विकेट
- सिर्फ 35 ओवर का हुआ खेल

एजेंसी ▶▶| कानपुर

बारिश के खलल के बीच भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जा रहा दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार को एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। बारिश की आंखमिचौली के बीच भारतीय टीम को तीन सफलताएं मिली हैं। सिर्फ 35 ओवर खेले गए में बांग्लादेश ने 107 रन बनाए हैं।

कानपुर में खेले जा रहे मैच में लंच के बाद रविचंद्रन अश्विन ने भारत को तीसरी सफलता दिलाई। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो को अपना शिकार बनाकर अश्विन टेस्ट प्रारूप के सक्रिय गेंदबाजों में एशिया के किंग बन गए। अश्विन ने अनिल कुंबले का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह अब एशिया में टेस्ट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।



**एशिया में टेस्ट विकेट**

| खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|
| मुथैया मुरलीधरन | 612 |
| आर अश्विन | 420* |
| अनिल कुंबले | 419 |
| रंगना हेराथ | 354 |
| हरभजन सिंह | 300 |

### आकाशदीप ने झटके 2 विकेट

तेज गेंदबाज आकाशदीप (34 रन पर दो विकेट) अपनी शुरुआती स्पैल में प्रभावी रहे तो वहीं ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो को चलता कर बारिश से प्रभावित दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को भारत को मजबूत स्थिति में रखा। मौसम के पूर्वानुमान से पहले से ही बारिश की संभावना थी और शुरुआती दिन सिर्फ 35 ओवर का खेल संभव हो सका।

### स्विंग गेंदों ने किया परेशान

आकाशदीप वामहस्त बल्लेबाजों के लिए 'राउंड द विकेट' गेंदबाजी करते हुए गेंद को दोनों ओर स्विंग कराने में सफल रहे। उनकी सटीक लाइन लेंथ से सामंजस्य बैठाने में बांग्लादेश के बल्लेबाजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने शुरुआती ओवरों से ही बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन (शून्य) और शदमन इस्लाम (24) को परेशान किया। हसन ने अतिरक्षात्मक रवैया अपनाया तो वहीं इस्लाम ने रन बनाने के मौकों को पूरी तरह से भुनाया।

### प्रशंसक बीमार, अस्पताल में भर्ती

भारत और बांग्लादेश के बीच यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बांग्लादेश के एक प्रशंसक को 'बीमार पड़ने' के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना को पहले हाथापाई का मामला माना गया था क्योंकि इस प्रशंसक ने खुद के साथ धक्का-मुक्की होने का संकेत दिया था। यह प्रशंसक खुद को 'सुपर फैन रॉबी' बता रहा था।

# कामिंदु ने की ब्रैडमैन की बराबरी 13वीं पारी में बनाए '1000 रन'

एजेंसी ▶▶| गॉले

श्रीलंका के उभरते हुए बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की। कामिंदु मेंडिस ने 250 गेंद पर नाबाद 182 रन की पारी खेली। अपनी पारी के दौरान 25 साल के खिलाड़ी ने टेस्ट में 1,000 रन पूरे किए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने केवल 13 पारियों में टेस्ट में 1000 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। मेंडिस के अब 8 मैचों में पांच शतकों के साथ 1004 रन हो गए हैं। टेस्ट में 1,000 रन पार करने के लिए केवल 13 पारियों का समय लेकर, मेंडिस अब टेस्ट इतिहास में यह मील का पत्थर पार करने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए हैं। मेंडिस ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज सर डॉन ब्रैडमैन की बराबरी कर ली है। मेंडिस अब इस लिस्ट में केवल हर्बर्ट सुटक्लिफ, सर एवर्टन वीक्स से पीछे हैं।




### कुसल ने ठोका 10वां शतक

श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने अपने टेस्ट कॅरियर का 10वां शतक पूरा किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे दिन कुसल मेंडिस ने 148 गेंद का सामना करते हुए अपना शतक जड़ा। कुसल ने कामिंदु मेंडिस के साथ छठे विकेट के लिए 200 रन की साझेदारी की। 8 मैच के बाद मेंडिस के बल्ले से यह पहला शतक निकला है। वह फॉर्मेट में साल 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। मेंडिस अभी तक 38 पारियों में 1185 रन बना चुके हैं। कामिंदु मेंडिस ने नाबाद 182 रन बनाए। वहीं, कुसल मेंडिस 106 रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 602 रन पर घोषित की।

### कामिंदु के सत्र में अब तक 5 शतक

कामिंदु मेंडिस ने पहले दिन ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। मेंडिस डेब्यू से लगातार 8 टेस्ट में 50 से ज्यादा रनों की पारी खेलने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। मेंडिस ने 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया। वर्तमान में 2024 में सबसे अधिक टेस्ट शतक बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सबसे आगे हैं। उन्होंने इस साल पांच शतक लगाए हैं।

**सबसे तेज 1000 रन**

| खिलाड़ी | देश | वर्ष | पारी |
|---|---|---|---|
| हर्बर्ट सटक्लिफ | इंग्लैड | 1925 | 12 |
| एवर्टन वीक्स | वेस्टइंडीज | 1949 | 12 |
| सर डॉन ब्रैडमैन | ऑस्ट्रेलिया | 1930 | 13 |
| कामिंदु मेंडिस | श्रीलंका | 2024* | 13 |
| नील हार्वे | ऑस्ट्रेलिया | 1950 | 14 |
| विनोद कांबली | भारत | 1994 | 14 |

## मकाऊ ओपन : त्रिसा-गायत्री की जोड़ी सेमीफाइनल में, श्रीकांत हारे

**मकाऊ।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत शुक्रवार यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए लेकिन त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची। मई में लगी चोट से वापसी कर रहे छठे वरीय श्रीकांत पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के निग का लोंग एंगस के खिलाफ लय हासिल करने में संघर्ष करते दिखे और महज 31 मिनट में 16-21, 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। त्रिसा और गायत्री की तीसरी वरीय जोड़ी ने महिला युगल क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की छठी वरीय सु यिन हुई और लोन जिह युन की जोड़ी को 21-12, 21-17 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में भारतीयों में अब बस त्रिसा और गायत्री की जोड़ी की ही चुनौती बची है। सेमीफाइनल में उनका सामना सिएह पेई शान और हुंग एन जु की चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा। यह जोड़ी मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 में भी अंतिम चार में पहुंची थी।



## एटलेटिको ने सेल्टा विगो को हराया

**मैड्रिड।** जूलियन अल्वारेज के आखिरी क्षणों में किए गए गोल से एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में गुरुवार को यहां सेल्टा विगो को 1-0 से हराया। अल्वारेज ने मैच का इकलौता गोल 90वें मिनट में किया। उन्होंने एंटोइन ग्रीजमैन के पास को गोल पोस्ट में डाल कर टीम की जीत पक्की की। विलारियल ने एक गोल से पिछड़ने के बाद अयोजे पेरेज के दो गोल की मदद से एस्पेनयॉल को 2-1 से शिकस्त दी। परेज मौजूदा सत्र में सात मैचों में छह गोल कर चुके हैं। तालिका में आखिरी स्थान पर काबिज लास पाल्मास को अब भी सत्र की पहली जीत का इंतजार है। टीम ने रियल बेटिस के खिलाफ 1-1 से बराबरी का मुकाबला खेला।



क्रिकेट

# ड्वेन ब्रावो ने किया संन्यास का ऐलान



ब्रावो केकेआर के मेंटॉर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से मेंटोर के तौर पर जुड़ेंगे जिससे चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ उनका लंबे समय तक चला जुड़ाव खत्म हो गया।

विश्व कप विजेता 40 साल के ब्रावो केकेआर में गौतम गंभीर की जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने के लिए यह भूमिका छोड़ दी थी। ब्रावो ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है। एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में 21 साल यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह कई उतार-चढ़ाव से भरी हुई है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना सपना इसलिए जी सका क्योंकि मैंने इस खेल को हर कदम पर शत प्रतिशत दिया। मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहूंगा, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है।'

### फ्रेंचाइजी टीमों के भी बने प्रभारी

ब्रावो ने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था जबकि आईपीएल में उन्होंने अपना आखिरी मैच 2022 में खेला था। वह इसके बाद चेन्नई सुपरकिंग्स और अफगानिस्तान की टीम के साथ कोच के तौर पर जुड़े थे। वह आईपीएल में चेन्नई की टीम से 2011 मे जुड़े थे। उन्होंने इस फ्रैंचाइजी के साथ तीन खिताब जीते। केकेआर के अलावा वह टी20 लीग में नाइट राइडर्स की फ्रेंचाइजी टीमों के भी प्रभारी होंगे। अपने शानदार करियर के दौरान ब्रावो ने 582 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने 631 विकेट लिए हैं और लगभग 7,000 रन बनाए हैं।

# डब्लूटीटी यूथ कंटेंडर में भारत ने 6 स्वर्ण सहित जीते 27 पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बूते सऊदी अरब के दम्मम में डब्लूटीटी यूथ कंटेंडर प्रतियोगिता में छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते। लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान हासिल किए। इससे भारत ने सात रजत और 14 कांस्य पदक भी अपने नाम किए।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने कहा कि प्रतियोगिता में टेबल टेनिस की दिग्गज टीमों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल नहीं थे लेकिन देश के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। लड़कियों के अंडर-19 वर्ग में भारत की सुहाना सैनी, तनीषा कोत्चा, सयाली वानी और प्रीथा वर्तिका ने क्लीन स्वीप किया। लड़कों की अंडर-19 स्पर्धा में अंकुर भट्टाचार्जी ने रजत जीता जबकि पीबी अभिनंद और जोश मोदी ने कांस्य पदक अपनी झोली में डाले।



### शाकिब की सुरक्षा बोर्ड के हाथ में नहीं : बीसीबी

**ढाका ।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष फारुक अहमद ने स्पष्ट कर दिया है कि दिग्गज हरफनमौला शाकिब अल हसन के खिलाफ देश में चल रहे मामलों के कारण बोर्ड उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा का भरोसा नहीं दे सकता है। सैंतीस साल के शाकिब ने गुरुवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा और कहा कि अगर स्वदेश लौटने पर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया जाता है तो वह अक्टूबर में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना विदाई टेस्ट मैच खेलना चाहेंगे। फारुक ने कहा, "शाकिब की सुरक्षा बोर्ड के हाथ में नहीं है। बोर्ड किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकता। स्वदेश लौटने पर फैसला उन्हें ही लेना है।

**मेदवेदेव ने मोनफिल्स को हराया**

**बीजिंग।** डेनियल मेदवेदेव चीन ओपन के शुरुआती दौर में शुक्रवार को यहां फ्रांस के अनुभवी गेल मोनफिल्स की मुश्किल चुनौती से पार पाने में सफल रहे। उन्होंने 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।

यूरोपा लीग

# टोटेनहम ने काराबाग पर 3-0 से दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| लंदन

टोटेनहैम ने यूरोपा लीग फुटबॉल मैच में आठवें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद अजरबैजान की टीम काराबाग पर 3-0 की जीत दर्ज की। डिफेंडर राडू ड्रैगुसिन को आठवें मिनट में जुनिन्हो को आक्रामक अंदाज में नीचे गिराने के कारण रैफरी ने रेड कार्ड दिखाया, जिससे उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा।

मेजबान टीम पर हालांकि इसका ज्यादा असर नहीं हुआ और उसने चार मिनट बाद ही गोल कर दिया। ब्रेनन जॉनसन के इस गोल के बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में पैप सार ने कॉर्नर किक पर बढ़त को दोगुना कर दिया और डोमिनिक सोलांके ने 68वें में रिबाउंड पर गोल कर टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। अन्य मैचों में रोमा की टीम एक गोल की अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और उसने एथलेटिक बिलबाओ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। एजेक्स ने बेसिक्टास को 4-0 से हराया तो वही विक्टोरिया पिल्सेन और आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट का मुकाबला 3-3 की बराबरी पर छूटा।



केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्नवर्णित दिनांक को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक कब्जा दिनांक बकाया राशि | आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स गणपति इण्डस्ट्रीज** प्रोप.-श्रीमती संध्या आशीष गुप्ता इंडस्ट्रियल प्लाट न. 134/बी एवं 134 (एच), लाइट इण्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) श्रीमती संध्या गुप्ता पत्नि श्री आशीष गुप्ता, श्री आशीष गुप्ता | प्लाट नं. 134/बी एवं 134/एच, लाइट इण्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) पर स्थित प्लांट एवं मशीनरी **भौतिक कब्जा** | 30.04.2021 05.08.2021 दि. 27/09/2024 को ₹ 3,37,59,625.56/- +देय ब्याज एवं खर्चे | ₹ 5.40 लाख ₹ 0.54 लाख ₹ 10000/- |
| ऋणी- **मेसर्स एस.एस. ब्रिक्स** प्लाट नं. 80,81,82, इण्डस्ट्रियल एरिया, बोराई, रसमादा, दुर्ग- छ.ग. 490011 श्रीमती सुनीता विश्वकर्मा, श्रीमती संध्या संचेती पत्नि दिनेश संचेती | बंधीकृत फैक्ट्री भूमि एवं भवन स्थित प्लाट नं. 81, 82, एवं 82 का भाग, (जोन-ए), इण्डस्ट्रियल ग्रोथ सेन्टर, बोरई, रसमादा, जिला- दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल-2556 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- मेसर्स एस.एस. ब्रिक्स चर्तुसीमाएं- डीड के अनुसार उत्तर- स्ट्रीट, दक्षिण- प्लाट नं. 79 एवं 83, पूर्व- रोड, पश्चिम- रोड **सांकेतिक कब्जा** | 02.05.2018 19.07.2018 as on 27/09/2024 ₹ 29,38,248.89/ + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 30.47 लाख ₹ 3.05 लाख ₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 22/10/2024 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 23/10/2024, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु केनरा बैंक की वेबसाइट में ई-नीलामी की लिंक (https://www.canarabank.com) देखें अथवा सम्पर्क करें श्री रंजन कुमार पाणी, मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल (Ph. No 8989014648, 9140476074, 7905027805, 8073562754)
स्थान : भोपाल दिनांक : 27-09-2024 प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक



# 8 अरब साल बाद कैसी दिखेगी धरती, खगोलविदों को मिल गई पहली झलक, देख लीजिए सबूत!

हम सब भविष्य के बारे में जानने की ख्वाहिश रखते हैं। इसीलिए ज्योतिषी के पास जाते हैं। कुंडली दिखाते हैं। क्योंकि, अगर हमें पहले की घटनाओं के बारे में आज अंदाजा हो जाए, तो उस हिसाब से पहले से तैयारी की जा सके। लेकिन कभी आपने सोचा कि आज से हजारों-लाखों सालों बाद धरती कैसी दिखेगी?

### 2020 में भी दिखा था ये ग्रह

खगोलविदों ने इस ग्रह को पहली बार 2020 में देखा था, तब यह हमारी आकाशगंगा के सेंटर में प्वाइंट के पास था और 25000 प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक तारे के प्रकाश के सामने से गुजरा था।लेकिन गुरुत्वाकर्षण की वजह से इसका आकार बार-बार बदलता जा रहा है, जिससे इसका स्वरूप अलग हो गया है। यह जिस तारे की परिक्रमा कर रहा है, वह धरती से दोगुना बड़ा है। इस तारामंडल में एक भूरा बौना ग्रह भी है, जो बृहस्पति ग्रह के वजन से 17 गुना भारी है।



### पता नहीं तब तक धरती बचेगी या नहीं

रिसर्च टीम के सदस्य और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया सैन डिएगो के खगोलशास्त्री केमिंग झांग ने कहा, अभी हमारे पास इस बात के कोई सबूत नहीं हैं कि 6 अरब साल बाद हमारी धरती बचेगी या नहीं। या फिर लाल विशालकाय सूर्य उसे निगल लेगा। लेकिन अगर ऐसा हुआ तो उससे काफी पहले धरती इतनी गर्म हो जाएगी कि महासागरों का पानी भाप बनकर उड़ जाएगा। धरती पर कोई भी जीव, पेड़ पौधे नहीं बचेंगे।सब भस्म हो जाएंगे। धरती बिल्कुल इस ग्रह की तरह चट्टानी हो जाएगी।

**वॉशिंगटन।** वैसे तो तमाम टाइम ट्रैवलर्स इसे लेकर दावे करते रहते हैं, लेकिन उनकी बातों में सच्चाई कम अफवाह ज्यादा होती है। लेकिन, पहली बार खगोलविदों को धरती की ऐसी झलक मिली है, जिसे देखकर वे हैरान हैं। दरअसल, उन्हें अंतरिक्ष में एक ग्रह मिला है, खगोलविदों का मानना है कि 8 अरब साल बाद हमारी धरती भी बिल्कुल उसकी तरह दिखेगी। लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक, KMT-2020-BLG-0414 नाम का यह ग्रह धरती से 4,000 प्रकाश वर्ष दूर पाया गया है। यह एक चट्टानी ग्रह है, जो एक सफेद तारे की परिक्रमा कर रहा है। यह तारा सूर्य की तरह दहक रहा है। वैज्ञानिको का अनुमान है कि हमारा सूर्य भी 5 अरब वर्षों बाद इसी सफेद तारे की तरह नजर आया और सिकुड़कर काफी छोटा हो जाएगा। उससे पहले यह एक लाल विशालकाय ग्रह में बदल जाएगा। हो सकता है कि यह बुध, शुक्र और शायद पृथ्वी को भी निगल जाए। लेकिन, अगर धरती बच जाती है, तो अंतरिक्ष में मौजूद इसी ग्रह की तरह नजर आएगी। खगोलविदों की यह रिसर्च नेचर एस्ट्रोनॉमी में पब्लिश हुई है।

## सूरजमुखी के फूल का मुख सूर्य की दिशा में ही क्यों होता है? ये है वजह

**नई दिल्ली।** सूरजमुखी के फूल अपनी सुनहरी पंखड़ियों और सुंदर आकार के कारण काफी खूबसूरत दिखते हैं। सूरजमुखी के फूल आकार में काफी बड़े होते हैं। खेतों में हजारों सूरजमुखी के फूलों को एक साथ देखना काफी मनमोहक होता है। ये सूर्य की किरणों में चमकते हुए काफी सुंदर दिखते हैं। सूरजमुखी के फूल का विकास ऐसे क्षेत्रों में ज्यादा होता है, जहां धूप करीब 6 घंटों से ज्यादा निकलती है। यही नहीं, वे क्षेत्र जहां ज्यादा गर्मी होती है वहां ये तेजी से विकसित होते हैं। सूरजमुखी के फूल को देखते हुए आपके मन में यह सवाल जरूर उठा होगा कि आखिर सूरजमुखी के फूल सूर्य की दिशा में ही मुंह क्यों किए होते हैं? और सूर्य के साथ ही ये क्यों गति करते हैं? अगर आप इस बारे में नहीं जानते हैं, तो इस खबर के माध्यम से हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं।



### हेलिओ ट्रॉपिज्म है कारण

सूरजमुखी के फूल का मुख सूर्य की दिशा में ही क्यों होता है और ये सूर्य के साथ क्यों गति करते हैं? इसके पीछे का कारण हेलिओ ट्रॉपिज्म है। हेलिओ ट्रॉपिज्म के कारण ही फूल सूरज की दिशा की तरफ गति करते हैं। हालांकि, रात के समय सूरजमुखी के फूल अपनी दिशा को पूरब की तरफ बदल लेते हैं। इसके बाद यह सूर्योदय होने का इंतजार करते हैं।

### सूरजमुखी के फूलों में होती है बायोलॉजिकल घड़ी

*हेलिओ ट्रॉपिज्म पर साल 2016 में एक अध्ययन किया गया था। इस अध्ययन में इस बारे में बताया गया था कि जिस तरह इंसानों के अंदर एक बायोलॉजिकल क्लॉक होती है, ठीक उसी तरह सूरजमुखी के फूलों में भी एक बायोलॉजिकल घड़ी होती है। ये सूरज की रोशनी को डिटेक्ट करती है और उसी के मुताबिक सूरज की दिशा में मुड़ने के लिए प्रेरित करती है।*

## बीवी को चढ़ा ऐसा शौक...पति ने 418 करोड़ में खरीद डाला पूरा आइलैंड

**दुबई।** मुगल सम्राट शाहजहां के बारे में आप ने सुना होगा, जिन्होंने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में ताजमहल बनवा दिया। लेकिन दुबई के जमाल अल नादक उनसे कुछ कम नहीं। पत्नी सउदी अल नादक को बिकिनी पहनकर नहाने का शौक था। जब यह बात उन्होंने पति जमाल को बताई तो उन्होंने 418 करोड़ रुपए खर्च कर पूरा का पूरा आइलैंड खरीद डाला, ताकि कोई और वहां जा न सके। सउदी अल नादक ने खुद सोशल मीडिया पर यह जानकारी शेयर की है, जो जमकर वायरल हो रही है। 26 साल की सउदी ब्रिटिश महिला हैं। कुछ साल पहले वे दुबई में पढ़ाई करने गई थीं, वहीं पर जमाल से उनकी मुलाकात हुई। देखते ही देखते दोनों में प्यार हुआ और बाद में शादी रचा ली। दोनों की सोशल मीडिया में तस्वीरें खूब वायरल होती हैं। वीडियो शेयर करते हुए सउदी ने लिखा, यह अब तक सबसे शानदार इन्वेस्टमेंट है।






## दुबई में जानवरों जैसे रहते हैं यूपी-बिहार के लोग, लदे रहते हैं एक-दूसरे के ऊपर, देख कांप उठेगा कलेजा!

**नई दिल्ली।** अगर आपसे पूछा जाए कि दुबई क्यों फेमस है, तो आप यही कहेंगे कि बुर्ज खलीफा जैसी आलीशान इमारतों, बेहतर लाइफस्टाइल और कई अन्य खूबसूरत नजारों की वजह से यह मशहूर है। असलियत में भी ऐसा ही है। इसी कारण से हर साल दुनियाभर से लाखों लोग यहां घूमने आते हैं। लेकिन, दुबई को खूबसूरत बनाने के पीछे भारत-पाकिस्तान से लेकर अन्य कई देशों के मजदूरों का हाथ भी है। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता है। भारत में तो यूपी-बिहार के ज्यादातर मजदूर अरब देशों में जाते हैं। लेकिन, जो लोग इस शहर को खूबसूरत बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, कभी सोचा है कि उनकी लाइफ दुबई में कैसी होगी? दरअसल, इस चकाचौंध से दूर दुबई का एक अलग ही चेहरा सामने आया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देख कलेजा कांप उठेगा और आप यही कहेंगे कि इन्हें तो जानवरों की तरह रखा गया है।





### गर्मी में बदहाल जिंदगी जीने को हैं मजबूर

*ऐसे में सोचिए, गर्मी के मौसम में ये मजदूरी करने वाले लोग जानवरों की तरह कैसे बदहाल जिंदगी जीने को मजबूर हैं। ये बाड़ेनुमा रहने की जगह काफी दूर तक फैली हुई है। इसे देखने के बाद ऐसा लगता है कि ये कोई कैम्प हो, जिसमें हजारों लोग एक साथ रहने को मजबूर हैं। बता दें कि इस बस्ती में बांग्लादेश, पाकिस्तान, चीन और भारत से गए मजदूर दिन भर काम करने के बाद आराम फरमाते हैं, लेकिन उनका ये घर जानवरों के तबेले से कम नहीं है। इसके पहले भी इस तरह की तस्वीरें और वीडियो सामने आ चुके हैं, जो सोशल मीडिया पर अक्सर वायरल होते रहते हैं।*



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com